

पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे
-7



एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुड़का
-10



डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप
-11



परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे
-12

आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

14.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.41 | सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 21, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिंगापुर : एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट-रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**सिलचर।** असम के कछार के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र संग घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म किया और उससे जबरन एंठे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मोदी आज जाएंगे इजराइल, रणनीतिक संबंधों करेंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, समकक्ष नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।


### पद्मा विश्वनाथन बुकर पुरस्कार-2026 की संभावित सूची में शामिल

**लंदन।** भारतीय मूल की कनाडाई लेखिका पद्मा विश्वनाथन को मंगलवार को 2026 के अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की संभावित सूची में शामिल किया गया। उन्हें ब्राजीलियाई लेखिका एना पाउला माइया के पुर्तगाली भाषा के एक मार्मिक उपन्यास के अंग्रेजी अनुवाद के लिए नामित किया गया। निर्णायक मंडल ने 'ऑन अर्थ एज इट इज बिनीथ' को सत्ता और भ्रष्टाचार की एक स्पष्ट पड़ताल के रूप में वर्णित किया है। यह उपन्यास प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान के लिए दुनिया भर के 13 दावेदारों में से एक है।

# केरल नहीं अब केरलम

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सेवातीर्थ में हुई पहली बैठक में लिए गए अहम फैसले | मंत्रिमंडल ने लिया संकल्प, यहां लिया फैसला 'नागरिक देवो भव' की भावना से होगा प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों के प्रति उत्तरदायी होगा। प्रस्ताव के अनुसार, यह बैठक एवं यह भवन नये भारत के नवनिर्माण की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है। इस शुरुआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत कर रहे हैं, जिसके निर्माण में सदियों का श्रम लगा है। आजादी के बाद, साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ में इतने दशकों तक सरकारों ने विरासत को संभाला और भविष्य के सपने देखे।

### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा।

# एआई समिट में हंगामे का मुख्य साजिशकर्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मास्टरमाइंड बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में उदय भानु चिब।

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।

### युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को आक्रामक तत्व करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्व नियोजित कोशिश देखी गई।

# सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और पत्नी के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र

- अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने उप्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित अवैध कब्जे और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने मंगलवार को कहा कि अभियोजन शिकायत, जो ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र के समान होती है, सोमवार को लखनऊ में पीएमएलए अदालत में दायर की गई। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट से वर्ष 2007 से 2017 के बीच दो बार सपा के विधायक रहे हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। ईडी का यह मामला उप्र पुलिस द्वारा हाशमी और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोपपत्रों से उत्पन्न हुआ है। उन पर अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाशमी और उनकी पत्नी के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में 'बेहिसाबी' नकदी जमा पाई गई है, जो उनके घोषित आय स्रोतों के साथ स्पष्ट रूप से असंगत थी।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार का बड़ा कदम




- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।

# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।

**बदलाव** | एनसीईआरटी ने 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई पठ्यपुस्तक में न्यायपालिका विषय को जोड़ा

# छात्र पढ़ेंगे कोर्ट में कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी




अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही न्यायपालिका के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है।

पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है। इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।

### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र

पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62.40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है कि हालांकि, इस विश्वास को पुनर्स्थापित करने का मार्ग इन मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्वपूर्ण गुण हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य में विश्व स्तरीय बाइक रेसिंग को करार



समझौते के दस्तावेज के साथ स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह और एवी .डब्लू ग्लोबल के फाउंडर कैरल अब्राहम।

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी में विश्व स्तर की मोटर साइकिल रेसिंग शुरू करने के लिए स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन और एवीडब्ल्यू ग्लोबल के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किए गए। इस दौरान स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह कहा कि विश्व स्तर की रेसिंग सुविधा के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का पूरी क्षमता से उपयोग किया जाएगा। एवीडब्ल्यू ग्लोबल के फाउंडर कैरल अब्राहम ने बताया कि भारत दुनिया में मोटर साइकिल का बड़ा बाजार है। इसलिए यहां पर विश्व स्तर की रेस होनी चाहिए।

### रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती के कनिष्ठ सहायक को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गोंडा यूनिट की टीम ने सोमवार को की। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसे जेल भेज दिया गया है। एंटी करप्शन के अधिकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती में तैनात कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार वेतन व भत्तों के भुगतान के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह की टीम ने विकास भवन परिसर स्थित कैंटीन के पास से आरोपी सुनील कुमार मौर्या को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। सुनील कुमार इकौना के बेचूबाबा मोहल्ला का रहने वाला है।

### 46 राजकीय महाविद्यालयों में बनेंगी स्मार्ट क्लासेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नव-निर्मित 46 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना के लिए 4 करोड़ 9 लाख 86 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त की गई है। शासनादेश के अनुसार, प्रत्येक नव-निर्मित राजकीय महाविद्यालय में एक-एक स्मार्ट क्लास स्थापित की जाएगी। इसके लिए अनुदान संख्या-73 के अंतर्गत पूंजीगत मद में स्वीकृत धनराशि में से 409 .86 लाख रुपये उच्च शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### बिना लाइसेंस कोल्ड स्टोरेज न चलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आलू की बंपर पैदावार को देखते हुए योगी सरकार ने किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाया है। शासन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना वैध लाइसेंस कोई भी शीतगृह संचालित न होने पाए। वर्ष 2026 के लिए सभी कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस नवीनीकरण अनिवार्य किया गया है। बंद शीतगृहों को भी अगले सत्र से पहले चालू कराने के निर्देश हैं। सभी शीतगृहों पर 2×4 फीट के बोर्ड पर 'आलू किसान अधिकार पत्र' और भंडारण शुल्क प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम हेतु 2025-26 में 18 .40 लाख रुपये 21 जिलों को जारी किए गए हैं। गोंडा को 2 .40 लाख और अन्य 20 जिलों को 80-80 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं।

# 'प्रहार' नीति से आतंक पर कसेगा शिकंजा

- आतंकियों के स्लीपर माड्यूल के नेटवर्क की टूटेगी कमर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आतंकवाद के गहरे दंश झेल चुका है। कई लोगों की जानें आतंकवादी हमलों में जा चुकी हैं। अब केन्द्र सरकार ने देश की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति प्रहार जारी की है, तो उससे प्रदेश में आतंक पर शिकंजा कसने की उम्मीद जगी है।

प्रहार नीति से एक ओर यहां आतंकवाद पर लगाम तो लग सकेगी, वहीं स्लीपिंग माड्यूल का नेटवर्क भी ध्वस्त हो सकेगा। इसके अलावा साइबर अपराध से लेकर ड्रोन खतरों से निपटने में सहायता मिलेगी। नीति इस तरह बनाई गई है कि आतंकी संगठन इंटरनेट के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क करते ही रडार पर आ जाएंगे, वहीं मिलने वाली फंडिग पर भी काफी हद तक रोक लग सकेगी। आतंकियों के खात्मे के लिए चलाए गए आपरेशनों का नेतृत्व करने वाले पूर्व पुलिस महानिरीक्षक बद्री प्रसाद सिंह का कहना है कि यदि इस नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो आतंकवाद के साथ ही साइबर क्राइम पर काफी हद तक रोक लग सकेगी।

# विधायिका को लेकर धारणा बदली, छवि सुधरी : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट सत्र में सुबह 11 से रात 10 बजे तक चली सदन की कार्यवाही
- 10 दिनों में 75 घंटे से अधिक काम, 6 विधेयक पारित, 958 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

**अमृत विचार:** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि बीते चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में बड़ा बदलाव आया है और विधानसभा की छवि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में नकारात्मक सोच बन गई थी, लेकिन अब सदन गंभीर, सार्थक और जनहित से जुड़े विमर्श का केंद्र बन चुका है।

विधानसभा अध्यक्ष बजट सत्र समाप्त होने के बाद मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सदन में मुद्दों पर विस्तृत बहस होती है और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों अपने-अपने पक्ष को मजबूती के साथ रखते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में विधानसभा 24 से 36 घंटे तक लगातार चली है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के सुदृढ़ होने का संकेत है। इस बार के बजट सत्र में भी सदन की कार्यवाही नियमित रूप से सुबह 11 बजे शुरू होकर कई बार रात 9 से 10 बजे तक चली। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाया और उन पर सार्थक चर्चा हुई।


साल में 90 दिन विधानसभा न चल पाने से जुड़े सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन का विधायी कार्य और एजेंडा सरकार तय करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी। सतीश महाना ने बताया कि इस बजट सत्र में विनियोग विधेयक सहित कुल छह विधेयक पारित किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक और उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंध (संशोधन) विधेयक शामिल हैं।

महाना ने सदन की कार्यवाही से जुड़े आंकड़े साझा करते हुए बताया कि इस बार विधानसभा में कुल 2427 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से 1956 प्रश्न स्वीकृत किए गए। स्वीकृत प्रश्नों में से 958 प्रश्नों के उत्तर सदस्यों को प्राप्त हो चुके हैं। इस बजट सत्र में विधानसभा 10 दिनों में कुल 75.08 घंटे चली, जबकि इस दौरान 2.23 घंटे का व्यवधान भी दर्ज किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ता कार्यकाल, लंबी बहसें और विधायी कामकाज यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा अब जवाबदेही, गंभीरता और जनहित की दिशा में आगे बढ़ रही है और इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# योगी के वैश्विक अर्थशास्त्र का सिंगापुर कायल

## उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन सिंगापुर के राष्ट्रपति श्रीथर्मन शनमुगरत्नम से शिष्टाचार भेंट की।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की वैश्विक निवेश मुहिम ने सिंगापुर में दो दिनों के भीतर ठोस और दूरगामी असर दिखाया। दूसरे दिन उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति बनी तो जेवर एयरपोर्ट पर 4,458 करोड़ रुपये का निवेश और इन्वेस्ट यूपी-एससीई की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण रही। अब बुधवार से जापान यात्रा के साथ यह वैश्विक निवेश अभियान अगले चरण में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, मंत्रियों और वैश्विक निवेशकों के साथ बैठकों में नए यूपी की औद्योगिक, सुरक्षा और डिजिटल विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन बैठकों का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

उप-प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रो-बिजनेस वातावरण, विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही चालू होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने, सेमीकंडक्टर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मॉड्यूल पर विशेष फोकस के साथ निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और नियामकीय सरलीकरण से बड़े प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आई है।

**सुरक्षा, पुलिसिंग और प्रबंधन**

गृह मंत्री के शनमुगम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में बेहतर होती कानून-व्यवस्था के अगले चरण पर चर्चा की। इसमें तकनीक-एकीकृत पुलिसिंग मॉडल, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल और स्मार्ट सिटी प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान-विनिमय को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठकों के दौरान सिंगापुर के कारोबारी समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, एविएशन (एमआरओ/कार्गो) जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र वित्तीय कोषों और निजी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक पारदर्शिता के दौर में निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी है, यही कारण है कि निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ा है।

### सिंगापुर में योगी ने निकाला मेगा रोड शो

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन 'इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो' में उन्होंने उत्तर प्रदेश के 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी, स्पीड) मॉडल को निवेश की गारंटी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब 'लैंड ऑफ पोटेंशियल' नहीं, बल्कि 'लैंड ऑफ परफॉर्मेंस' बन चुका है और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 'सिंगापुर सिटी' विकसित करने की योजना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सिंगापुर के निवेशकों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में ब्लू प्लैनेट, एसी एविएशन, केएलके वेंचर्स समेत कई कंपनियों के साथ वेस्ट मैनेजमेंट, एमआरओ, सोलर और ज्वेलरी सेक्टर में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

# राहुल की मुहब्बत की दुकान में बिक रही अराजकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस के 'नंगा नाच' पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का तीखा प्रहार
- कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में कार्रवाई पर बोले- यह दिल्ली पुलिस बताएगी



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में आयोजित एआई ग्लोबल समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं की कथित गतिविधियों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तथाकथित 'मुहब्बत की दुकान' में अब नफरत, अराजकता और भारत-विरोध की राजनीति हो रही है। उनका आरोप है कि यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मुख्य साजिशकर्ता स्वयं राहुल गांधी थे।

मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पाठक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोप तथा सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियां निंदनीय हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रहित के विरुद्ध बताते हुए कड़ी भाषा में आलोचना की। राहुल गांधी के नाम पर तंज कसते हुए पाठक ने कहा कि उनकी राजनीति का उद्देश्य जनता को उकसाना और भ्रम फैलाना है।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब भारत वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है, तब एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस नेताओं के व्यवहार से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा संबंधित लोगों का समर्थन करना इस पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े करता है। हालांकि कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह विषय दिल्ली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है और वही उचित जानकारी दे सकेगी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और जमानत का विषय न्यायालय में विचाराधीन है।



वाराणसी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिलते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

# शंकराचार्य से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को वाराणसी स्थित उनके मठ में जाकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की।

इस मौके पर शंकाराचार्य ने बताया कि उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है। उन्होंने एक फोटो भी दिखाया, जिसमें वाराणसी के एक आला पुलिस अधिकारी और मुकदमे के वादी एक साथ केक काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि शंकराचार्य के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मुकदमा कायम है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर केन्द्रीय ऐजेंसी से जांच कराने का आग्रह किया था।

### कांग्रेस आज प्रदेश भर में करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी बुधवार को लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी राजबहादुर के मुताबिक, यह प्रदर्शन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज मुकदमे के विरोध में किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे।

# 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपीएमएससीएल**

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यालय व 75 जनपदीय वेयरहाउसों के पद बढ़ाए गए
- दवा आपूर्ति, वेयरहाउस संचालन और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने उप्र. मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमएससीएल) के अंतर्गत सृजित 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंजूरी दे दी है। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार इन पदों की अवधि 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बढ़ाई गई है। आदेश राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति के साथ जारी हुआ है।

मुख्यालय स्तर पर 85 अस्थायी पद स्वीकृत हैं, जिनमें प्रबंध निदेशक, अपर प्रबंध निदेशक (प्रशासन), कंपनी सचिव, वित्त नियंत्रक, महाप्रबंधक, विधि अधिकारी, लेखाधिकारी, फार्मासिस्ट, बायो-मेडिकल इंजीनियर, आईटी एक्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। कुछ पद प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान भी है। इसके अलावा 75 जनपदों के वेयरहाउसों के लिए 320 पदों की निरंतरता को स्वीकृति दी गई है। इनमें 20 बड़े और 55 छोटे जनपदों के लिए फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, हैंडलर, चतुर्थ श्रेणी, सुरक्षा व सफाई कर्मियों के पद शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन पदों पर होने वाला व्यय निगम अपने संसाधनों से वहन करेगा और राज्य बजट पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। यह निर्णय प्रदेश में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा।

# बिजली कनेक्शनों में मनमानी पर सात इंजीनियर किए गए निलंबित

## अमौसी जोन के निलंबित इंजीनियरों को बरेली किया संबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली कनेक्शनों में मनमानी करके निरस्त करने के मामले में बड़ी कार्रवाई कर दी गई। लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन (लेसा) के अमौसी जोन के सात इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही उन्हें बरेली के मुख्य अभियंता आफिस से अटैच किया गया है। आरोप है कि इंजीनियरों ने कोई बगैर वैध कारण के एक हजार के अधिक नए बिजली कनेक्शनों को निरस्त कर दिया।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने यह कार्रवाई की है। शिकायत मिली थी कि इंजीनियरों ने एक दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच एक हजार से अधिक नए कनेक्शनों के आवेदनों को बिना किसी उचित कारण के निरस्त कर दिया। आरोपों की जांच निदेशक (वाणिज्य) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। समिति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि झटपट पोर्टल पर प्राप्त नए बिजली कनेक्शन के आवेदनों को बिना ठोस कारण के ही निरस्त कर दिया, जो कि नियमों के खिलाफ है।

### यह हुए निलंबित

निलंबित किए गए इंजीनियरों में अधिशासी अभियंता (कलेक्शन) नीरज कुमार, सहायक अभियंता अनुभव कुमार सिंह, अमित कुमार और प्रशांत कुमार गिरि के साथ जूनियर इंजीनियर दीपक पांडेय, रविन्द्र सिंह और दिनेश कुमार शामिल हैं।

### प्रवासी भारतीय अनुभाग के 9 अस्थायी पदों की अवधि एक साल बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) अनुभाग के संचालन के लिए सृजित नौ अस्थायी पदों की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। राज्यपाल ने इन पदों की निरंतरता को 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बनाए रखने की स्वीकृति प्रदान की है। शासनादेश के अनुसार, एनआरआई अनुभाग के संचालन हेतु वर्ष 2015 में कुल नौ अस्थायी पद सृजित किए गए थे। इनमें एक अनुभाग अधिकारी, तीन समीक्षा अधिकारी, एक समीक्षा अधिकारी (लेखा), दो सहायक समीक्षा अधिकारी, एक कंप्यूटर सहायक और एक अनुसेवक का पद शामिल है। इससे पहले इन पदों को 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के लिए विस्तार दिया गया था।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रस्ताव पारित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन को मिला भाकियू का समर्थन
- निजीकरण के प्रयासों का पूरब से पश्चिम तक विरोध तेज

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ विरोध तेज होता जा रहा है। पूरब से पश्चिम तक कर्मचारी संगठन और किसान संगठन एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का दावा है कि वर्तमान में औसत बिजली लागत 8.18 रुपये प्रति यूनिट है, जबकि निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को न्यूनतम 16 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी दी जाएगी। इससे बिजली दरें बढ़कर कम से कम 10 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं।

अलीगढ़ में मंगलवार को प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट का संयुक्त सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में संघर्ष समिति के संयोजक एवं ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 को भी वापस लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान 10 हॉर्स पावर का पंप प्रतिदिन 10 घंटे चलाता है, तो उसे लगभग 2250 यूनिट मासिक खपत पर करीब 22,500 रुपये चुकाने पड़ सकते हैं। इससे किसानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि निजीकरण के विरोध में किसान पूरी मजबूती से बिजली कर्मियों के साथ खड़े हैं। सम्मेलन में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के पूर्व अध्यक्ष वीपी सिंह को भाकियू (भानु) के विद्युत प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ:** होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, पर्व अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसे देखते हुए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी।

**बजट में नए प्रावधान** | ओबीसी और दिव्यांगजन कल्याण को मिलेगी नई ताकत : नरेंद्र कश्यप

# छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और पेंशन में बड़ा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- सामाजिक सुरक्षा पर योगी सरकार का फोकस



जानकारी देते मंत्री नरेंद्र कश्यप।

**अमृत विचार:** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बजट 2026-27 को सामाजिक न्याय और अंत्योदय की दिशा में ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने बताया कि बजट 2026-27 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3402 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। वहीं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ कर दिया गया है।

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि छात्रवृत्ति व्यवस्था में किए गए सुधारों के चलते वर्ष 2023-24 से अब तक एक भी पात्र छात्र वंचित नहीं रहा। आय सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया गया है, जिससे लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। पूर्वदशम छात्रवृत्ति राशि भी 2250 से बढ़ाकर 3000 कर दी गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की संभावना है। शादी अनुदान योजना के तहत आय सीमा बढ़ाकर 1 लाख किए जाने से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 210 करोड़ का बजट रखा गया है। ओबीसी छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ का अलग प्रावधान किया गया है।

मंत्री ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है। सभी 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित होंगे। दिव्यांग छात्राओं के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना और चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के अधीन लाना भी बड़े कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास और सामाजिक सरोकार का स्पष्ट प्रमाण है।

# दो मकानों और कृषि केंद्र में लाखों की चोरी

## जेवर, नकदी, कृषि बीज, सिलेंडर व वायरिंग का सामान ले गए चोर

संवाददाता, सरोजनीनगर/काकोरी/बख्शी का तालाब

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर में चोरों ने एसएसबी के जवान के नव निर्मित मकान का ताला तोड़कर ढाई लाख का सामान चोरी कर लिया। काकोरी में चोरों ने बंद मकान और इटौंजा में मौर्या कृषि केंद्र का शटर काटकर लाखों के जेवर, कृषि संबंधी बीज व सिलेंडर पार कर दिया। पुलिस तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

गोमतीनगर स्थित एसएसबी की सरकारी आवास कॉलोनी में रहने वाली रिजवाना परवीन ने बताया कि उनका दो मंजिला मकान सरोजनी नगर के शांतिनगर में क्रिएटिव स्कूल के पास स्थित है, जिसका निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ था। पति समीरउद्दीन एसएसबी की 59वीं वाहिनी नानपारा बहराइच में तैनात हैं। मकान में इसी माह प्रवेश करना था, इसलिए घर में ताला बंद था। 22 फरवरी को रिजवाना मकान पर पहुंचीं तो बाहर का ताला बंद मिला। भीतर जाकर देखा तो दोनों मंजिलों से बिजली की पूरी वायरिंग काटकर निकाल ली गई थी। साथ ही कीमती सीलिंग लाइट, स्विच बोर्ड व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया गया। चोरी गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, काकोरी के मोहान रोड शिवरी गांव निवासी विनोद गुप्ता ने बताया कि वह इलाज में परिवार दिल्ली गए हुए थे। देर रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान, जेवर और नकदी पार कर दी।

मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर का टूटा ताला देखा तो घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। उधर, इटौंजा स्थित अर्जुनपुर में मंगलवार तड़के करीब तीन बजे चोरों ने मौर्या कृषि केंद्र की दुकान का लोहे का शटर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से 80 किलो उरद, 40 किलो धनिया, 20 किलो पालक के बीज और एक एलपीजी गैस सिलेंडर उठा ले गए। मंगलवार सुबह जब दुकानदार राम शंकर मौर्या दुकान खोलने पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## कल्प सिटी के दो घरों से 35 लाख की चोरी

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बिजनौर थाना क्षेत्र के कल्प सिटी में चोरों ने धावा बोला। निजी कंपनी के अधिकारी समेत दो के बंद मकानों का ताला तोड़कर चोर 8 लाख रुपये, करीब 25 लाख के गहने व अन्य सामान उठा ले गए। मंगलवार को सूचना मिलते ही एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम मौके पर पहुंचे। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कल्प सिटी निवासी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि 23 फरवरी की दोपहर करीब 12:10 बजे उनकी पत्नी सोनू पांडे और बेटी सपना पांडे बाजार गई थी। शाम करीब 5 बजे वह वापस लौटी तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो बेडरूम का ताला टूटा होने के साथ सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। संतोष का कहना है कि चोर घर से करीब 8 लाख रुपये नकद और लाखों के जेवर ले गए हैं। वहीं, दूसरी घटना में चोरों ने राजेश तिवारी के किराये के मकान को निशाना बनाया। राजेश ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले चार-पांच दिनों से ओपी चौधरी अस्पताल में भर्ती थीं। जिसके चलते घर बंद था। पीड़ित राजेश का कहना है कि सोमवार दोपहर वह घर आए, तब सब कुछ ठीक-ठाक था। देर रात करीब 12 से 2 बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर लगभग 15-16 लाख रुपये के गहने, चांदी के बर्तन व कुछ कपड़े चोरी कर लिए। मंगलवार रात सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

# होली के समय व्यापारियों को थमाए दुकानें तोड़ने के नोटिस

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- बख्शी का तालाब में हाईवे किनारे 50 वर्गमीटर तक बताया अतिक्रमण
- विधायक योगेश शुक्ला से मिलकर राहत की लगाएंगे गुहार

अमृत विचारः बख्शी का तालाब कस्बे में लखनऊ-सीतापुर हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग- 30 किनारे कारोबार कर रहे सैकड़ों व्यापारियों को एनएचएआई की ओर से नोटिस दिए गए हैं। इसमें 50 वर्गमीटर तक कब्जे को अनाधिकृत बताकर सात दिन में हटाने का निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण न हटाए जाने पर प्राधिकरण कार्रवाई करेगा।

संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान ने कहा कि होली नजदीक है। व्यापारी लाखों रुपये का माल दुकानों में भर चुके हैं। ऐसे समय में सात दिन में निर्माण तोड़ना संभव नहीं है। त्योहार के बहुत नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने राहत नहीं दी तो आंदोलन किया जाएगा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में विधायक योगेश शुक्ला से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उनसे त्योहारी के समय कार्रवाई स्थगित कराने की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि पहले भी इस तरह का नोटिस मिले थे, तब पूर्व सांसद कौशल किशोर के हस्तक्षेप पर तोड़फोड़ पर अस्थायी रोक लग गई थी। व्यापारियों को उम्मीद थी कि स्थायी समाधान निकलेगा, लेकिन अब नए नोटिस ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।


मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी" के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555


## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफ़ान सुपुर्द-ए-खाक

**अमृत विचार, लखनऊ:** वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान को मंगलवार को डालीगंज कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। मोहम्मद इरफ़ान (50) का स्वास्थ्य लगातार खराब होने के बाद उन्हें डालीगंज स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां सोमवार को इफ्तार के समय उनका निधन हो गया। मृतक के परिवार में बूढ़ी मां, पत्नी, दो पुत्र मोहम्मद आरजान (13 वर्ष) व ताहान (आठ वर्ष) हैं। मोहम्मद इरफान के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक व्यक्त किया है।

### इंदिरा नगर डिपो के अध्यक्ष को मातृ शोक

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा इंदिरा नगर के वरिष्ठ वितरक एवं अध्यक्ष त्रिभुवन गुप्ता की माता राजदेई (85) का मंगलवार को निधन हो गया। वह सनातन नगर, इंदिरा नगर की निवासी थीं। राजदेई अपने पीछे पांच पुत्र व पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार भैंसाकुंड घाट पर संपन्न हुआ। समिति के सुप्रीमो सरवन चौधरी सहित, वासुदेव पाल, मुरारी लाल यादव, सुशील कुमार कश्यप, राजकुमार विश्वकर्मा, बीके यादव, जेके तिवारी और प्रदीप कुमार वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से परिवार को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### ढाई साल की बच्ची में की गई न्यूरो-इंटरवेंशनल प्रक्रिया

**अमृत विचार, लखनऊ:** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने ढाई वर्ष की बच्ची पर दुर्लभ न्यूरो-इंटरवेंशनल प्रक्रिया 'इंट्राक्रेनियल कैथेटर डायरेक्टेड थ्रोम्बोलाइसिस' सफलतापूर्वक कर उसे नया जीवन दिया। लखनऊ में यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में पहली बार की गई है। इस प्रक्रिया को इंटरवेंशनल न्यूरो-रेडियोलॉजिस्ट डॉ. देवांश मिश्रा ने इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी टीम के डॉ. अर्पित टौंक और डॉ. अमोल श्रीवास्तव के साथ मिलकर पूरी की।

### थाने से 100 मीटर दूर युवक को पीटा

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** थाने के गेट से महज 100 मीटर की दूरी पर दो दबंगों ने एक युवक को डंडों से पीटा। पीड़ित मोनू मौर्य निवासी ग्राम मामपुर बाना ने बताया कि सुबह गांव के बाहर शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लगे नल पर पानी भरने को लेकर किरायेदार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर किरायेदार के बेटे मुकुल ने गाली-गलौज की। जिसके बाद रात करीब आठ बजे मुकुल व दीप ने रास्ते में रोककर मोनू मौर्य को जमीन पर गिरा दिया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से जमकर मारा। मारपीट में पीड़ित की पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

### किशोरी लापता, रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र में एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजन ने एक युवक पर अगवा कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मजदूर ने बताया कि 19 फरवरी को घर के सभी लोग काम से बाहर गए थे, जबकि उसकी 15 वर्षीय बेटी घर पर अकेले थी। इसी दौरान उनके घर दूध देने वाला सरोजनीनगर के रनियापुर निवासी अखिलेश रावत उसे बहला फुसला कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हॉर्न बजाने के विवाद में पीटा और चढ़ाई कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घायल गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी के शहीद पथ पर सोमवार देर रात एक रेस्टोरेंट के बाहर हॉर्न बजाने को लेकर दबंगों ने दो युवकों पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, लहूलुहान हालत में एक युवक पर कार चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख आसपास के लोग बचाव के लिए दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए गाड़ियों से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घायल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आशियाना एलडीए कॉलोनी सेक्टर-ई निवासी नमन भटियानी ने बताया कि वह अपने दोस्त तुषार त्यागी निवासी सनराइज ओमेक्स के साथ कालिका रेस्टोरेंट गए थे। आरोप है कि कार का हॉर्न बजाने पर वहां बैठे कुछ लोग गाली-गलौज करने लगे और देखते ही देखते लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। तुषार को कार से खींचकर सिर पर रॉड मारी गई, जिससे वह बेहोश हो गया। नमन बचाने पहुंचा तो उसे भी सिर पर रॉड से वार कर घायल कर दिया गया। हमलावरों ने कार में तोड़फोड़ की और तुषार पर कार चढ़ाकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में परिजन तुषार को अपोलो अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत चिंताजनक है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



राहुल गांधी का पुतला जलातीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व सदस्य।

# भाजपा महिला मोर्चा ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

संवाददाता, काकोरी

- एआई समिट में अर्द्धनग्न प्रदर्शन पर जताई नाराजगी

**अमृत विचारः** एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्द्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने काकोरी के दुर्गागंज चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला जलाया कर नारेबाजी की। प्रतिभा ने कहा कि कांग्रेस ने सारी दुनिया के सामने भारत की छवि को धूमिल की है। इस प्रकार के नग्न प्रदर्शन ने कांग्रेस की नग्न मानसिकता को उजागर किया है।

मंडल उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि जनता ने सत्ता से बाहर कर के कांग्रेस को पहले ही नंगा कर दिया है, उसी नग्नता का प्रदर्शन वह दुनिया के सामने कर रहे हैं। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव, प्रतिभा वर्मा, नीलम श्रीवास्तव, धीरू मौर्य, विपिन राजपूत, रविराज लोधी, दिवाकर लोधी, नवनीत निगम, संजय उपस्थित रहे।

# भाजपा के छह मंडल अध्यक्ष और घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छह जिला प्रतिनिधि भी किए गए मनोनीति
- नेकपाल यादव पर नेतृत्व ने दूसरी बार जताया भरोसा

**अमृत विचारः** लखनऊ जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में छह मंडल अध्यक्षों और छह जिला प्रतिनिधियों की घोषणा मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कर दी। ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी नेकपाल यादव को दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

राजेश सिंह को मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के माल मंडल का अध्यक्ष, रविशंकर द्विवेदी को जिला प्रतिनिधि और नेकपाल यादव को रहीमाबाद मंडल अध्यक्ष व दीपक राज सिंह को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है। इसी तरह बीकेटी विधानसभा क्षेत्र में अक्षय मौर्य को चिनहट ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष व जितेंद्र रावत को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में दलबहादुर सिंह को खुशहालगंज मंडल अध्यक्ष व उदित नारायण द्विवेदी को जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी दी गई है।



नेकपाल यादव।

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में रुद्र प्रताप सिंह को मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष व आनंद कुमार पांडेय को जिला प्रतिनिधि और शिवकुमार रावत को गोसाईगंज मंडल अध्यक्ष व दिनेश साहू को जिला प्रतिनिधि का दायित्व दिया गया है। दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर नेकपाल ने नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# स्कूली वैन मालिक पर होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीकेटी हादसा में एआरटीओ आलोक यादव ने दी तहरीर

**अमृत विचारः** बीते सोमवार को बीकेटी थाना क्षेत्र में स्कूली वैन हादसे के मामले में एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में शिकायत दी है। जांच के दौरान वाहन संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मामला महीपतपुर स्थित आदर्श सरस्वती शिक्षा मंदिर से जुड़ा है। बच्चों से भरी वैन (यूपी32एचसी1626) बीकामऊ कला गांव के बाहर अचानक



क्षतिग्रस्त स्कूली वैन।

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकराने के बाद पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन सड़क पर पलट गई और उसमें सवार दर्जन भर से अधिक बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि वैन नाबालिग चालक चला रहा था। हादसे में घायल छात्रों के गले में स्कूल का आई कार्ड मिला, जिससे उनकी पहचान हुई। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने मौके का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में वाहन मालिक और चालक की लापरवाही सामने आई है। एआरटीओ ने बीकेटी थाने में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पति से कहासुनी के बाद महिला ने की आत्महत्या

संवाददाता, माल

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत आंट गढ़ी सौंरा के जलौली गांव में मंगलवार सुबह महिला ने बाग में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मां को फंदा लगाते देख दस साल की बेटी बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ने लगी। इसपर मां ने लात मारकर उसे गिराया और फिर लटककर जान दे दी। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे। जानकारी पर माल पुलिस व मृतका की मां पहुंची। मां ने दामाद पर मारने का आरोप लगाया है।

जलौली निवासी जितेंद्र के



मृतक सीमा।

- रोकने के लिए पेड़ पर चढ़ने लगी बेटी तो मां ने लात मारकर गिराया

परिवार में दो बेटी दिव्यांशी, रुचि और बेटा सागर हैं। मंगलवार सुबह जितेंद्र का पत्नी सीमा (40) से विवाद हुआ था। उसके बाद जितेंद्र खेत में पानी लगाने चला गया था। करीब आठ बजे सीमा ने घर से एक किमी दूर बाग में फंदा लगाने का प्रयास किया। इस पर गांव में ही ब्याही बड़ी बहन रेनू ने उसे रोका। समझा-बुझाकर घर ले गयी। दो घंटे बाद सीमा शौच की बात तीन साल की बेटी रुचि को गोद में लेकर घर से निकली। उसके साथ दस साल की बेटी दिव्यांशी भी थी। गांव में विजय के बाग में पहुंचकर सीमा ने रुचि को दिव्यांशी को दिया। उसके बाद पेड़ पर चढ़कर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी के शोर मचाने पर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही माल पुलिस मौके पर पहुंची। सरसंडा गांव निवासी मां कलावती ने दामाद जितेंद्र पर बेटी सीमा को मारकर टांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जितेंद्र आए दिन सीमा को पीटता था। उनकी शादी करीब 25 साल पहले हुई थी।

बेटी दिव्यांशी ने पुलिस को बताया कि मां पेड़ पर चढ़कर दुपट्टे से फंदा लगाने का प्रयास करने लगी। यह देख उसने मां को मना किया। उसके बाद वह खुद पेड़ पर चढ़ने लगी। इसपर मां ने उसे लात मारकर गिरा दिया। वह उठी तो मां लटक रही थी। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि सीमा लंबे से साइटिका व पथरी जैसे गंभीर बीमारी से परेशान थी। जितेंद्र उसका इलाज करा रहा था। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बेटियां हैं धुरंधर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ:** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोहनलालगंज में वार्षिक समारोह धुरंधर बेटियां का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार वसुंधरा, विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग की एआरपी शालिनी त्रिपाठी व सुखदर्शन की उपस्थिति में हुआ। तहसीलदार वसुंधरा ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन के हर अवसर का पूरा उपयोग करने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय की वार्डन अमित साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में एक जीवंत वातावरण का निर्माण करते हैं। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन की शैक्षिक पहल की प्रोग्राम मैनेजर शिखा ने कहा संदेश आधारित कार्यक्रम एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका लक्ष्मी गोस्वामी, स्वाति, अर्चना प्रजापति, नसरीन जमाल और अन्य स्टाफ पूनम, आशा, मोहिनी, सत्रोहन लाल सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण, कराया गर्भपात



**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** थाना क्षेत्र स्थित सिलाई सेंटर की महिलाकर्मी को शादी का झांसा देकर दो साल तक वहीं के कर्मचारी ने यौन शोषण किया। दो बार गर्भवती होने पर दवा देकर गर्भपात दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। 22 वर्षीय युवती ने बताया कि वह बख्शी का तालाब स्थित एक सिलाई सेंटर में कार्यरत है। वहीं पर उसकी पहचान सीतापुर निवासी एक युवक से हुई थी। दोनों के बीच करीब दो वर्षों से प्रेम संबंध थे। आरोप है कि युवक ने शादी का आश्वासन देकर उसका यौन शोषण किया। जब भी पीड़िता विवाह की बात करती, आरोपी किसी न किसी बहाने से टाल देता था। पीड़िता का कहना है कि वह दो बार गर्भवती हुई। आरोप है कि दोनों बार आरोपी ने शादी का भरोसा देकर गर्भपात की दवा खिलाई, जिससे उसका गर्भपात हो गया। कुछ दिन पहले पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इंकार करते हुए धमकाया। पीड़िता ने बीकेटी थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। अतिरिक्त निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# वसूली के विरोध पर तीमारदार से मारपीट

संवाददाता, सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर सीएचसी का मामला, जांच शुरू

अमृत विचार : सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसूता के तीमारदार से वसूली के आरोप को लेकर सोमवार देर शाम हंगामा हो गया। प्रसूता के देवर ने नर्सिंग स्टाफ पर 100 रुपये मांगने और विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के सीएमओ ने अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं।

नादरगंज स्थित रामनगर कॉलोनी निवासी आदेश पटेल की पत्नी साधना को सोमवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। देर शाम ऑपरेशन के बाद साधना ने एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान एक स्वास्थ्यकर्मी ने यूरिन बैग खाली करने के नाम पर प्रसूता से 100 रुपये की मांग की। आरोप है रुपये देने से इनकार करने पर अभद्रता की गई। इसकी जानकारी मिलने पर देवर आनंद पटेल नर्सिंग रूम में शिकायत करने पहुंचे, जहां उनके साथ भी कहासुनी हो गई। आनंद का आरोप है कि वीडियो बनाने पर दो नर्सिंग कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। सीएचसी अधीक्षक दिलीप भार्गव ने बताया कि वार्ड आया ने यूरिन बैग को नियमानुसार बाहर फेंकने के बजाय बेड के नीचे रख देने को लेकर विवाद हुआ था। वसूली का आरोप गलत है। फिलहाल पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**अपराध** | सहकर्मी व उसके पिता-भाई ने बिना दहेज के शादी से किया मना, रिपोर्ट दर्ज

# बैंक कैशियर का यौन शोषण, 10 .37 लाख ऐंठ लिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखीमपुर खीरी स्थित प्राइवेट बैंक में कार्यरत कैशियर ने सहकर्मी कलेक्शन ऑफिसर पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने धोखा देकर उससे करीब 10.37 लाख रुपये लेकर हड़प लिए। शादी की बात करने पर आरोपी के पिता और भाई ने बिना दहेज शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने पारा थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि जल्द ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पारा निवासी पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2022 में वह और ठाकुरगंज के बाबा हजारा बाग निवासी आरोपी उज्जवल रस्तोगी एक ही बैंक में कार्यरत थे। आरोपी ने पहले उनसे दोस्ती की और फिर शादी का झांसा देकर उनका यौन शोषण किया। आरोपी ने आश्वासन दिया कि छोटी बहन की शादी के बाद वह उससे शादी कर लेगा। वर्ष 2023 में उज्जवल का ट्रांसफर लखनऊ गोसाईंगंज शाखा में हो गया। पीड़िता ने बताया कि इसी दौरान उज्जवल ने प्लॉट खरीदने के नाम पर पीड़िता से 3.37 लाख रुपये ऐंठ लिए।

यही नहीं आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर पीड़िता को अपनी पत्नी दर्शाते हुए सात लाख रुपये का लोन भी हासिल कर दिया। कुछ समय बाद जब पीड़िता ने उज्जवल के पिता गोविंद रस्तोगी से शादी की बात तो उन्होंने बिना दहेज लिए शादी करने से मना कर दिया। 22 दिसंबर को उज्जवल, उसके पिता गोविंद और भाई हर्ष ने बातचीत के बहाने पीड़िता को घर बुलाया। फिर धमकाते हुए शादी से साफ मना कर दिया। पीड़िता ने तीनों के खिलाफ पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### जाली दस्तावेज से बेची पैतृक भूमि

अमृत विचार, लखनऊ: खसरवारा निवासी रामश्री ने बताया कि उनकी पैतृक भूमि को जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराकर कब्जाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि वह पूर्व में अपने हिस्से की भूमि वर्ष 2019 में अलग-अलग व्यक्तियों को विक्रय कर चुकी हैं। इसके बावजूद सतीश शुक्ला और हरिकेश सिंह सहित अन्य लोगों ने वर्ष 2020 व 2021 में उपनिबंधक कार्यालय सरोजनीनगर में कथित रूप से फर्जी बैनामा तैयार कराकर जमीन पर अपना दावा किया। पीड़िता का आरोप है कि 25 फरवरी 2025 की रात आरोपियों ने जेसीबी लगाकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गयी। पीड़िता ने शिकायत बंथरा थाने में की, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। इसके बाद पीड़िता रामश्री ने एडीसीपी साउथ से शिकायत की। जिसके बाद बंथरा पुलिस ने सतीश शुक्ला निवासी छोटा बरहा आलमबाग, हरिकेश सिंह निवासी सिकंदरपुर बंथरा व पांच अज्ञात के खिलाफ जाली दस्तावेज की मदद से धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अंसल निदेशकों पर एक और एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** हाइटेक आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों के खिलाफ शिकायतों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कानपुर के व्यवसायी कानपुर के सिविल लाइन निवासी अखिलेश कुमार गुप्ता ने अंसल शॉपिंग स्क्वॉयर के नाम पर 21.61 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने अंसल निदेशकों व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सामूहिक नकल करा रहे गिरोह को दबोचा, छह गिरफ्तार

## यूपी बोर्ड परीक्षा : मैनपुरी के बेवर इलाके में एसटीएफ ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मैनपुरी के बेवर क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल कराने के मामले में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सामूहिक नकल कराने वाले गिरोह का खुलासा एसटीएफ ने किया है। इस मामले में एसटीएफ ने सॉल्वर, अध्यापक और विद्यालय प्रबंधक के पुत्र समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से उत्तर पुस्तिकाएं, मूल प्रश्नपत्र, की-प्लान व छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ आगरा यूनिट के एएसपी राकेश के मुताबिक, सूचना मिली कि बोर्ड परीक्षा में सामूहिक नकल कराई जा रही है। इस पर एसटीएफ की टीम ने इनपुट जुटाया। पुष्टि हुई कि बेवर के श्रीमहाराज सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, जोत में प्रबंधक, प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक, अध्यापक, कक्ष निरीक्षक और सॉल्वरों की मिलीभगत से मोटी रकम लेकर संगठित रूप से नकल कराई जा रही है। एसटीएफ ने प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद उप जिलाधिकारी भोगांव/किशनी संध्या शर्मा, डीआईओएस सतीश कुमार तथा स्थानीय पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की।

### जंगल में बैठकर करा रहे थे नकल

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, कॉलेज से करीब 300 मीटर दूर कीकर जंगल में दबिश के दौरान छह लोग गिरफ्तार किये गये। आरोपियों में बेबर कल्याणपुर निवासी कॉले प्रबंधक का पुत्र आशीष, भारापुर निवासी शिक्षक अरुण कुमार उर्फ टिंकू, कल्याणपुर का अंकित उर्फ प्रशांत, जासमई का रहने वाला साल्वर शिवा चौहान उर्फ शिव प्रताप सिंह, कल्याणपुर का अवनीत उर्फ अभिजीत सिंह और मानिकपुर का शिक्षक व साल्वर अनूप कुमार शामिल हैं।

### आरोपियों के पास मिलीं लिखी उत्तर पुस्तिकाएं

एएसपी के मुताबिक, छापेमारी में आरोपी के पास से इंटरमीडिएट गणित की लिखी उत्तर पुस्तिकाएं, जीव विज्ञान का मूल प्रश्नपत्र, की-प्लान की छायाप्रतियां, सिटिंग प्लान, परीक्षार्थियों का विवरण रजिस्टर तथा छह मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि प्रधानाचार्य अमरीश और प्रबंधक के पुत्र आशीष की मिलीभगत से सॉल्वर परीक्षार्थियों की कॉपियां लिखते थे। अध्यापक और अन्य सहयोगी सॉल्वरों को बोल-बोलकर उत्तर लिखवाते थे, जिसके बदले उन्हें भुगतान किया जाता था।

### एक प्रश्नपत्र के पांच हजार रुपये

जांच में सामने आया कि परीक्षार्थियों से प्रति पेपर पांच हजार रुपये लेकर हल कराया जा रहा था। हल की गई उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा समाप्त होने से पहले अन्य परीक्षार्थियों की कॉपियों में मिलाकर रख दिया जाता था। जिससे सामूहिक नकल कराई जा सके। एएसपी राकेश के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ बेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# यूपी में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए किया आमंत्रित

## केशव मौर्य ने जर्मनी में वैश्विक रक्षा कंपनी क्वाटंम के साथ बैठक की

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में जर्मनी पहुंचे उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक रक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के लिए प्रभावी संवाद स्थापित किया। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जर्मन-इजराइल की अग्रणी कंपनी क्वांटम सिस्टम जीएमबीएच के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

- मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास और कौशल में दीर्घकालिक सहयोग पर चर्चा

क्वांटम सिस्टम्स जीएमबीएच मानवरहित और ड्रोन आधारित प्रौद्योगिकी की वैश्विक विशेषज्ञ कंपनी है। यह कंपनी भारत में पिछले एक दशक से अधिक समय से उन्नत हवाई निगरानी प्रणालियों और 160 किलोमीटर तक परिचालन क्षमता वाले मानवरहित प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्वांटम सिस्टम्स को उत्तर प्रदेश में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।



जर्मनी पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वैश्विक रक्षा कंपनी क्वाटंम के अधिकारियों के साथ।

# आश्वासन पर माने अधिवक्ता होने लगी रजिस्ट्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ बार एसोसिएशन के आह्वान पर कार्य से विरत उपनिबंधक सदर और सरोजनी नगर कार्यालय के अधिवक्ता अधिकारियों के आश्वासन पर मंगलवार को काम पर लौट आए। दोनों तहसीलों पर निबंधक कार्यालय खुले और रजिस्ट्री कराई गई। एसोसिएशन ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार करने के लिए 15 दिन का समय दिया और समाधान न होने पर आगे हड़ताल की चेतावनी दी है। सदर और सरोजनी नगर तहसील के उपनिबंधक कार्यालय के अधिवक्ता सोमवार को कार्य से विरत रहे। मंगलवार को भी कार्य से विरत का प्रस्ताव था। हालांकि सोमवार रात निबंधन विभाग के अफसरों की एसोसिएशन के साथ वार्ता हुई। सुधार का आश्वासन मिलने पर मंगलवार को रजिस्ट्री शुरू हो गई।

# नहीं मिल पा रही 24 घंटे बिजली 22 इकाइयां बंद होने का दावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश राय ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर बिजली इकाइयों के बंद रहने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि कंज्यूमर राइट रूल के तहत गांव और शहर सभी को 24 घंटे बिजली देना जरूरी है। लेकिन देश का पहला राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां गांवों में बमुश्किल 18 घंटे ही बिजली आती है और शहरों में भी रोस्टर प्रणाली लागू है। उन्होंने चेतावनी दी है कि प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो उपभोक्ता हित में व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 5,000 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन करने वाली मशीनें बंद हैं। बिजली उत्पादन इकाइयों का लंबे समय तक बंद रहना प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 22 उत्पादन इकाइयां रिवर्स शटडाउन या अन्य कारणों से बंद हैं। कई इकाइयां "लो डिमांड, पीपीए की अनुपलब्धता तथा मेंटेनेंस जैसे कारणों से बंद बताई गई हैं। उत्पादन निगम की अनपरा, हरदुआगंज, जवाहरपुर, ओबरा सी और परीछा आदि इकाइयां बंद चल रही हैं।

# वोटर सूची में खराब फोटो पर मतदान से हो सकते हैं वंचित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि एसआईआर के तहत नागरिकों को फार्म-6 भरते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। यदि फोटो साफ नहीं हैं और वह मतदाता लिस्ट या फिर वोटर कार्ड पर छपा हुआ आया तो मतदान करने से भी वंचित रह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि लोग मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरते समय अपना नाम व सही पता दर्ज करने के साथ ही, नया खींचा गया साफ फोटो एवं मौजूदा मोबाइल नंबर अंकित किया जाना आवश्यक है। मौजूदा समय में जिन पात्र नागरिकों द्वारा मतदाता बनने के लिए फार्म भरकर आवेदन किया जा रहा है, उनमें से कई आवेदनों में फोटो धुंधली और आयोग के मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि फोटो में आवेदक का सिर और कंधों का ऊपरी हिस्सा दिखना चाहिए, जिसमें लंबाई का 75 प्रतिशत हिस्सा चेहरे का दिखाई दे। मतदाता की फोटो कैमरे की ओर सीधे देखते हुए, सामान्य चेहरे, बंद मुंह एवं खुली आंखों के साथ होनी चाहिए। फोटो में आंखें स्पष्ट रूप से दिखायी दें। आंखें बालों, टोपी, घूंघट, छाया आदि से ढकी नहीं होनी चाहिए। यदि आवेदक चश्मा पहनता है तो फोटो में आंखें स्पष्ट रूप से दिखायी दें। चश्मे के लेंस रंगीन नहीं होने चाहिए।

- नये मतदाता फार्म-6 भरते समय बरतें विशेष सावधानियां : सीईओ



नवदीप रिणवा

# सीएमएस छात्र को 64,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र कृशिव नारायन अग्रवाल को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट द्वारा 64,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। कृशिव ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।



कृशिव नारायन

# बीएसएनएल अधिकारी की यात्रा को जारी आदेश बना चर्चा का विषय

**लखनऊ, एजेंसी :** बीएसएनएल बोर्ड के निदेशक विवेक बंजल की प्रयागराज की दो दिवसीय यात्रा के लिए दिया गया एक कार्यालय आदेश सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस कार्यालय आदेश में निदेशक की प्रयागराज यात्रा के लिए उनके साजो सामान जिसमें उनके अंतःवस्त्रों, तौलिये, कंघी और आईने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर दी गई हिदायत चर्चा का विषय बन गई।

कार्यालय आदेश के अनुसार बंजल की प्रस्तावित दो दिवसीय यात्रा 25 फरवरी और 26 फरवरी को निर्धारित की गई थी। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक उनकी यह यात्रा किन्हीं कारणों से रद्द कर दी गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कार्यालय आदेश के अनुसार लगभग 50 अधिकारियों को तकरीबन 19 जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। इनमें स्नान किट में तौलिया, अंतः वस्त्र, हवाई चप्पल, कंघी, आईना और एक तेल की शीशी का इंतजाम करना शामिल था। कार्यालय आदेश में यह भी उल्लेख किया गया था कि छह पुरुष किट (तौलिया, अंडरवियर, दर्पण, कंघी, साबुन, शैम्पू, तेल) और दो महिला किट की भी व्यवस्था की जाए। सामान्य उपयोग के लिए एक चादर की व्यवस्था करने का भी निर्देश जारी किया गया था। आदेश में कहा गया है कि होटल और सर्किट हाउस में ड्राई फ्रूट बाउल, फ्रूट बाउल, शेविंग किट, तौलिया, टूथपेस्ट, ब्रश, साबुन, शैम्पू, कंघी और तेल की व्यवस्था की जाए। इस मामले पर टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर प्रयागराज के बीएसएनएल अधिकारियों ने यह कहते हुए बोलने से इनकार कर दिया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की वेबसाइट के अनुसार बंजल को भारत में दूरसंचार नेटवर्क संभालने का 34 साल से ज्यादा का अनुभव है।

- तौलिया, अंत : वस्त्र, हवाई चप्पल, कंघी, आईना और एक तेल की शीशी का इंतजाम करना शामिल


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–राही रायबरेली

पंत्राक :– 3287/ लेखा0/क्षे0पं0 / 2025–26 | दिनांक :– 23.02.2026

**अल्पकालीन निविदा–सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से विकास खण्ड राही में निर्माण कार्यो की सम्पादित कराने हेतु क्षेत्र पंचायत राही एवं जनपद रायबरेली के अन्य शासकीय विभागो में पंजीकृत विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्षेत्र पंचायत राही, रायबरेली में निम्न तालिका में दर्षित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 24.02.2026 से 16.03.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 16.03.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय – में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 16.03.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे निविदा दाताओं /उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पंजीयन प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा निर्गत वैध चरित्र प्रमाण पत्र, वैध हैसियत प्रमाण पत्र, स्वघोषणा / शपथपत्र (100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर), जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाणपत्र, लेबर पंजीकरण प्रमाणपत्र, पैन कार्ड तथा अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा, कोई भी निविदा बिना धरोहर / जमानत धनराशि के स्वीकार नही की जायेगी। निविदादाता अपने हैसियत प्रमाण पत्र के अनुसार ही निविदा में प्रतिभाग कर सकेगें। निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त / स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी राही, रायबरेली में निहित / सुरक्षित होगा। निम्न कार्यो का भुगतान धनरापि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा, विलम्ब होने की दषा में किसी भी प्रकार का व्याज, पेनाल्टी या अन्य प्रतिकर देय नही होगे। कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | कार्य स्थल | कार्य का नाम | कार्य की माप | स्वीकृत लागत प्राक्क्लन के अनुसार (जी0एस0टी सहित) रू0 में | धरोहर राशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **पंचन राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम** | | | | | |
| 1 | भांव | खण्डजा मरम्मत कार्य भांव पक्की सड़क से सरायदामू की तरफ | 1100 मी0 | 590666.00 | 11900.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 2 | रतन्सीपुर | खण्डजा मरम्मत कार्य राजापुर नहर पुल तक –तम्बरपुर नहर पुल से | 565 मी0 | 809753.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 3 | मूलिहामऊ | इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण संतलाल के धर से काली माँ के मन्दिर तक | 168 मी0 | 839227.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 4 | लोधवारी | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे राजी तारामऊ गगन मौर्या के धर से इण्टरलाकिंग निर्माण तक | 175 मी0 | 839180.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 5 | कोरचन्दामऊ | इण्टरलाकिंग निर्माण पक्की सड़क से परीदीन पासी के घर तक | 154 मी0 | 805465.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 6 | मोहगंवा | इण्टरलाकिंग निर्माण आखडा से महारानी चबूतरा तक | 150 मी0 | 794375.00 | 15900.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 7 | रुस्तमपुर | इण्टरलाकिंग निर्माण वासुदेव मौर्या के घर से रामबालक मौर्या के घर तक | 194 मी0 | 805471.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 8 | भदोखर | इण्टरलाकिंग निर्माण सगीर धर से इन्द्रपाल के घर के आगे तक | 165 मी0 | 805047.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 09 | सरायदामू | इण्टरलाकिंग निर्माश दषस्थ के पुरवा श्रीलाल के दरवाजे से श्यामसुन्दर के दरवाजे की तरफ | 195 मी0 | 830560,00 | 16700.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 10 | खागीपुर सडवा | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे षिवा में हीरालाल के धर से रमणेश के धर की तरफ | 213 मी0 | 839080.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 11 | दिनोहरा | इण्टरलाकिंग निर्माण–विनोहरा डामर रोड़ से फूलवारी गांव की तरफ | 215 मी0 | 830615.00 | 16700.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 12 | झकरासी | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे गड़रियन नहर पटरी रामहर्ष के धर से बदलू प्रसाद की तरफ | 172 मी0 | 805416.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 13 | सुलखियापुर | इण्टरलाकिग निर्माण पूरे मुराईन में देवनारायण के धर से रवि प्रताप के घर के तरफ | 128 मी0 | 805468.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 14 | बेलाखारा | इण्टरलाकिंग निर्माण – पूरे खून्नू में बेलाखारा डामर रोड से खून्नू के पुरवा की तरफ | 186 मी0 | 805372.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 15 | भदोखर | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे कुन्दन में नन्दलाल के धर से रामप्रताप के घर की ओर | 187 मी0 | 805483.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 16 | भांव | इण्टरलाकिग निर्माण पूरे मखनिया में डामर रोड़ से रामसहाय के घर से उमाशंकर के धर की ओर | 193 मी0 | 839312.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 17 | भखरवारा | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे ओरी में एक्सना डामर रोड से हरिकेश के घर से तेजभान के घर की तरफ | 190 मी0 | 805571.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 18 | ब्लाकि परिसर राही | मरम्मत कार्य मीटिंग हाल की मरम्मत एंव सौन्द्रर्थीकरण का कार्य | 1 अद्द | 736610,00 | 14800.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 19 | जमालपुर | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे बच्चा सिंह में शिव बक्श के घर से रामकुमार के घर तक | 100 मी0 | 451720.00 | 9100.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 20 | मोहम्मपुर कुचरिया | खण्डजा मरम्मत कार्य –पुद्दन कुर्मी के धर से ओमप्रकाश मौर्या के घर की तरफ | 196 मी0 | 424059.00 | 8500.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 21 | बेलाभेला | खण्डजा मरम्मत कार्य पूरे बेद में सुरेश के धर अमृतलाल के घर की तरफ | 85 मी0 | 423883.00 | 8500.0 | 1000.00 | 03 माह |
| | | **15 वे केन्द्रीय वित्त आयोग टाईड योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम** | | | | | |
| 1 | लोधवारी | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी–स्वाराज शिक्षा मन्दिर उ0प्र0वि0 में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 2 | बेलाभेला | भारत सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी स्काउट गाइड एण्ड गाइड इण्टर कालेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 3 | रतंसीपुर | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 4 | बेलाखारा | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –पंतजन ग्लोबल स्कूल में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 5 | भांव | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी आदर्श बाल विद्या मन्दिर में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 6 | भदोखर | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –दयाल शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 7 | लोधवारी | पेयजल की व्यवस्था पूरे भक्तन लोधवारी स्थित पहलवान बीर बाबा मन्दिर में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 106590,00 | 2200.00 | 500.00 | 03 माह |
| 8 | खागीपुर सड़वा | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी विवेकानन्द इण्टर कालेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 9 | लोधवारी | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी ए0वी0वी0 षिषु मन्दिर निकट भरतगंज परषदेपुर रोड़ में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 10 | दरियापुर | सोलर वाटर पम्प बानी की टंकी सत्यनारायणी देवी शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 11 | मोनई | नाला निर्माण – महेंगू का पुरवा नाला निर्माण सुरेष के दरवाजे से श्यामसुन्दर के दरवाजे से गड़ही तक | 135 मी0 | 779834.00 | 15600.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 12 | राजापुर | नाली निर्माण उमाशंकर के दरवाजे से बाग की तरफ | 400 मी0 | 667426.00 | 13400.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 13 | परौरा | नाली निर्माण पूरे इंची का पुरवा देषराज पाल के दरवाजे से होते हुए रमाकान्त के दरवाजे स्थित तालाब की तरफ | 149 मी0 | 299855.00 | 6000.00 | 500.00 | 03 माह |
| 14 | विनोहरा | नाली निर्माण पूरे घूरी में रामबहादुर के धर से नहर तक नाली निर्माण | 230 मी0 | 710073.00 | 14300.00 | 1500.00 | 03 माह |
| | | **15 वे केन्द्रीय वित्त आयोग अनटाइंड योजनान्तर्गत कराये जाने बाले कार्यो का नाम** | | | | | |
| 1 | राही | इण्टरलॉकिंग निर्माण इमामगंज रभेष के दरवाजे से संगम नेता के दरवाजे से होते हुए माइनर की तरफ। | 182 मी0 | 805206.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 2 | सरायें मुगला | इण्टरलॉकिंग निर्माण आदमपुर माइनर की पुलिया से शहजाद के धर की तरफ माइनर की बाई पटरी पर | 196 मी0 | 839116.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 3 | गुलखियापुर | इण्टरलाकिंग निर्माण कलसहा में इण्टरलाकिंग से पासापुर की तरफ असुल के धर की तरफ | 201 मी0 | 805385.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 4 | सेमरा | इण्टरलाकिंग निर्माण पक्की सड़क से भोला सिंह के घर होते हुए पक्की सड़क तक | 167 मी0 | 805457.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 5 | बेलाभेला | इण्टरलाकिंग निर्माण हनुमान गंज में मदन के धर से पूरे मदनी की ओर | 175 मी0 | 805299.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 6 | अकबरपुर कछवाहा | इण्टरलाकिंग निर्माण – इण्टरलाकिंग से सूरज पाल के घर से बृजेष के घर की तरफ। | 172 मी0 | 805457,00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |

(गौरी राठौर)
खण्ड विकास अधिकारी राही–रायबरेली।

# टेंट व्यवसायी के पुत्र की हत्या

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार :** कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब टेंट व्यवसायी के 23 वर्षीय पुत्र शाहिद का शव इण्टर कॉलेज रोड स्थित बाग के पास घर से 700 मीटर दूर नाले में खून से लथपथ पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि पहले युवक की पिटाई की गई और बाद में उसकी किसी धारदार हथियार से हत्या कर शव नाले में फेंक दिया गया। कस्बा निवासी शरीफ टेंट व्यवसायी हैं। परिजनों के मुताबिक शाहिद सोमवार देर रात किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह लोगों ने नाले में उसका शव देखा। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता शरीफ ने थाने में तहरीर देकर चार लोगों में अपने ही सगे भाई मो. गुलाम, सोहेल, इरफान तथा कफील पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चारों नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व शाहिद ने पूरे लोहागी मजरे दक्खिन गांव निवासी नियाजुद्दीन की पुत्री सबीहा से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों घर छोड़कर मुंबई चले गए थे। बाद में पारिवारिक सहमति से युवक वापस कस्बे में रहने लगा। बताया जा रहा है कि कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी, जिससे रिश्तों में दूरी आ गई थी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## नशे में धुत मिली युवती दुष्कर्म की आशंका

**बाराबंकी, अमृत विचारः** बड्डूपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवती शराब के नशे में धुत एक गांव के पास पड़ी मिली। आशंका है कि लखनऊ से यहां तक साथ लाने वाले युवक ने दुष्कर्म किया है हालांकि वह फरार है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसे वन स्टाप सेंटर भिजवा दिया। पीड़िता की बहन की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण आदि धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# टेस्ट ड्राइव के बहाने लूटी कार

**बाराबंकी, अमृत विचारः** शहर कोतवाली क्षेत्र में सरेशाम हुई वारदात से हड़कंप मच गया। टेस्ट ड्राइव के लिए कार बाजार पहुंचे चार युवकों ने हाईवे पर कर्मी को सड़क पर धक्का दे दिया फिर कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की, वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर शहर से सटे इलाके में न्यू बाराबंकी के नाम से कार बाजार है। मंगलवार की शाम को यहां पर चार युवक पैदल कार बाजार पहुंचे और काफी देर तक विभिन्न गाड़ियों का मुआयना करते रहे। बाद में उन्होंने एक्सयूपी 300 पसंद करते हुए उसकी टेस्ट ड्राइव की मांग की।

शोरूम का एक कर्मचारी उनके साथ कार में बैठकर हाईवे की ओर रवाना हुआ। कुछ दूरी तय करने के बाद आरोपियों ने अचानक कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद वे 7.50 लाख कीमत की कार लेकर भाग निकले।

घायल कर्मचारी ने किसी तरह शोरूम संचालक को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। घटना की पूरी वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चारों युवक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता के चाचा की कोर्ट में पेशी

**माखी कांड**

**उन्नाव, अमृत विचार :** बहुचर्चित माखी दुष्कर्म कांड की पीड़िता का चाचा अलग-अलग मामलों में तिहाड़ जेल में बंद है। उस पर सदर कोतवाली व माखी थानाक्षेत्रों से जुड़े 4 मुकदमे दर्ज हैं। इन मामलों में सुनवाई एसीजेएम प्रथम की न्यायालय में चल रही है। मंगलवार को पीड़िता के चाचा को दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया। जहां उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की पत्रावली में सफेदा लगाने वाले पहले मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले सेवानिवृत्त न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गणेश तिवारी की गवाही व जिरह पूरी की गई। राजनैतिक द्वेष के चलते एक नेता के विरुद्ध अपमानजनक पंपलेट बंटवाने वाले मामले में तत्कालीन माखी थाना में तैनात हेडमुर्हिरर अरविंद त्रिपाठी (सेवानिवृत्त) की गवाही व जिरह पूरी हुई।

## 94 लाख की हेरोइन संग दो बंदी

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः** एएनटीएफ यूनिट लखनऊ ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 470 ग्राम हेरोइन, एक मोटरसाइकिल, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक कीपैड मोबाइल फोन तथा 1,620 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान देवी प्रसाद तथा अनिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को सोमवार को लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चंदवारा मोड़ से आगे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सफदरगंज पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## अगवा बच्ची 8 घंटे में बरामद

**कानपुर, अमृत विचार :** भिक्षावृत्ति कराने के लिए सेंट्रल स्टेशन से एक अपराधी ने 2 साल की बच्ची का अपहरण कर लिया, रेलवे पुलिस की मुस्तैदी से बच्ची को बरामद कर लिया गया। मंगलवार को सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि सेंट्रल स्टेशन के दिल्ली छोर पर फुटओवर ब्रिज से अपहृत बच्ची को 8 घंटे में बरामद कर लिया गया। हैरिसगंज पुल के नीचे बने जर्जर हाते से राजू धीमर उर्फ बूता निवासी जालौन को गिरफ्तार किया गया। सोमवार की रात कानपुर सेन्ट्रल पर माता-पिता के सोते समय मासूम को बूता ने अपहण कर लिया था।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम देवेश कुमार गुप्ता है जबकि मुझे दीपू कौशल के नाम से भी जाना व पहचाना जाता है। मेरे दोनों नामों, देवेश कुमार गुप्ता व दीपू कौशल को मान्यता प्रदान की जावे। **देवेश कुमार उर्फ दीपू कौशल पुत्र श्री गोविंद गणेश गंज रूरा कानपुर देहात।**

**सूचना**

उपेन्द्र पुत्र रामनरेश ग्राम भुनिया पुर मौजा लिलुइया तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी है। मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम बबलू अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 3821 3806 5260 में मेरा नाम उपेंद्र अंकित हो गया है। उपेंद्र और बबलू दोनों नाम से ही मैं जाना जाता हूं।

**सूचना**

मैने अपना नाम SANAD HUSSAIN FAROOQUI से बदलकर SANAD HUSSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MANSOOR UL HASAN R/O-RAJANPUR, KUNDA DIST-PRATAPGARH (U.P)**

**सूचना**

मै दीक्षा इदनानी आयु 46 वर्ष पुत्री हीरा इदनानी निवासी–बी.एन. घई. लेन लालबाग, लखनऊ–226001, मेरे एकसटेल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में नाम कुमारी दीक्षा अंकित है जिसे बदल कर मैने अपना नाम दीक्षा इदनानी अंकित कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Imran से बदलकर Mohd Imran रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Imran के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Mohd Imran पुत्र Faiyaz Ahmad Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Roshan Jabeen से बदलकर Roshan Jabi रख लिया है। भविष्य में मुझे Roshan Jabi के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Roshan Jabi पत्नी Mohd Imran ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD IZHAR ALI से बदलकर IJAHAR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SARTAZ ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO- BARAWAN KALA, DIST-LUCKNOW - 226101(U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम USMAN था मैं अपना नाम बदलकर USMAN JALIL SHAIK रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **USMAN JALIL SHAIK S/O-JALIL ADD- KUTUBPUR, SULTANPUR DIST - JAUNPUR (U.P.).**

**सूचना**

मैने अपना नाम MAHNOOR KHAN से बदलकर MAHNOOR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-IJAHAR ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO-BARAWAN KALA, DIST - LUCKNOW-226101 (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SANJAY LOHIYA था अब मैने अपना नाम बदलकर SANJAY LOHIA रख लिया हूँ अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **SANJAY LOHIA S/O-RAJENDRA LOHIYA ADD-1061 BADHMANDI KHAIRABAD DIST-SULTANPUR(U.P)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Maisarun Nisa से बदलकर Maishar Jahan रख लिया है। भविष्य में मुझे Maishar Jahan के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Maishar Jahan पत्नी Faiyaz Ahmed Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट– हुनहुना जिला– अयोध्या**

**सूचना**

पहले मेरा नाम Santosh Kumar था अब मैने बदलकर अपना नाम Santosh रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O Gaya Prasad ,Vill Kamangarh Post Sultanpur Ps Kotwali Dehat Dist Sultanpur 228001**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Zulfekarhader Roinakhusen से बदलकर Sayyed Zulfekar Haider रख लिया है। भविष्य में मुझे Sayyed Zulfekar Haider के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Sayyed Zulfekar Haider पुत्र Raunaq Hussain Rizvi निवासी 546/782 Rizvi Cottage Sarfarazganj Rouze Wali gali Balaganj Chowk Lucknow-226003**

**सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक शाखा निजामाबाद में मेरा बचत खाता संख्या 35215168337 है, जिसमें मेरा नाम बबीता पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 01.01.1987 दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 08.07.1989 दर्ज है। आधार कार्ड में अंकित मेरा नाम और जन्मतिथि ही सर्वमान्य है। **बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार ग्राम घूरीपुर पोस्ट व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़।**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2018 हाई स्कूल अनुक्रमांक 2388037 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2277156 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अरविंद कुमार पुत्र भुवन भास्कर ग्राम –अकबरपुर कला मथुरा बाजार जिला बलरामपुर**

**Public Notice**

I, Army No. JC-380241, Rank- Ex Subedar, Name- Vinod Chandra, resident of 1984, Kudwar Road, Karaundia Post, Sultanpur City, Tehsil and District, Sultanpur (Uttar Pradesh), want to change my daughter's name from Bhavya to Bhavya Dubey and her date of birth from 30-12-1999 to 30-12-1998 and daughter Divya name to Divya Dubey and along with this, want to change my son name from RK Dubey to Ratnesh Kumar Dubey in my service record.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **संजय सिंह कसेरा पिता स्व. राधे सिंह कसेरा, और मेरी पत्नी सुमन सिंह कसेरा, निवासी 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन, डालीगंज –226020** का निवासी पूर्व में संजय सिंह के नाम से जाना जाता था अब वर्तमान समय में मेरे सभी प्रमाण पत्र संजय सिंह कसेरा के नाम से बने है और अब हमें इसी नाम से (संजय सिंह कसेरा) जाने जाना जाएगा। संजय सिंह कसेरा 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन डालीगंज लखनऊ –226020

**सूचना**

मैं RASHMI PANDEY पत्नी श्री ANAND KISHORE PANDEY, निवासी म0नं0–501/124, केसरीपुर, डालीगंज, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर RASHI PANDEY कर लिया है, अतः आज से मुझे RASHI PANDEY के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स0 | MPSLKO1626 |
| कार्य का विवरण | Allotment of MPS Stall at LKO Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.02.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 06.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 06.03.2026 at 11:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow (LKO) | MPS-LKO-LKO-MPS-11-25-1 | LKO/1/1/MPS | 06-03-2026 at 11:30 hrs | GMU | WOMEN |
| 2 | Lucknow (LKO) | MPS-LKO-LKO-MPS-12-25-1 | LKO/4/5/7/MPS | 06-03-2026 at 11:40 hrs | GMU | WOMEN |

623/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

पुलिस लाइन, भिनगा–श्रावस्ती–271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांक : 3 8 7 /ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक : 18–02–2026

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा क्षेत्र–श्रावस्ती(स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में महोरी भैसांवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 20.40 | 2.04 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बेगमपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–2 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.19 | 1.02 | 945.00 | 02 माह |
| 3 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में देवरा सम्पर्क मार्ग के किमी0–3(750) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.52 | 0.95 | 945.00 | 02 माह |
| 4 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बगनहा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.19 | 1.02 | 945.00 | 02 माह |
| 5 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कालिकापुरवा मजरा सं0मार्ग के किमी0–2(280) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.85 | 0.29 | 945.00 | 02 माह |
| 6 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में गुलामपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.16 | 0.82 | 945.00 | 02 माह |
| 7 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कसियापुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.31 | 1.63 | 945.00 | 02 माह |
| 8 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिकौली नासिरगंज मार्ग के किमी0–3 से पिपरी सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 20.40 | 2.04 | 945.00 | 02 माह |
| 9 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुकुर दौरहा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(700) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.88 | 0.89 | 945.00 | 02 माह |
| 10 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में मनोरथपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(400) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.07 | 0.51 | 945.00 | 02 माह |
| 11 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पिपरहनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.81 | 0.38 | 945.00 | 02 माह |
| 12 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बाबूपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.03 | 1.90 | 945.00 | 02 माह |
| 13 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में विश्वदत्त पुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.49 | 1.65 | 945.00 | 02 माह |
| 14 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में भूतपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 15 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में राम अचल पुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.15 | 1.01 | 945.00 | 02 माह |
| 16 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में डग्गेपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.15 | 1.01 | 945.00 | 02 माह |
| 17 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में नटनडेरा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.81 | 0.38 | 945.00 | 02 माह |
| 18 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में मनोहराचक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 19 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पासीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(200) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.23 | 1.52 | 945.00 | 02 माह |
| 20 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में हुसैनजोत सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(450) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.72 | 0.57 | 945.00 | 02 माह |
| 21 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में परदेसीपुरवाा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.35 | 0.63 | 945.00 | 02 माह |
| 22 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पासीपुरवा (बहिरपुरवा) सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.35 | 0.63 | 945.00 | 02 माह |
| 23 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बांकेपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(200) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.54 | 0.25 | 945.00 | 02 माह |
| 24 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बहेलियनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(150) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 1.91 | 0.19 | 945.00 | 02 माह |
| 25 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कोरीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(210) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.67 | 0.27 | 945.00 | 02 माह |
| 26 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में सांईपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.35 | 0.63 | 945.00 | 02 माह |
| 27 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पकड़ियापुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.81 | 0.38 | 945.00 | 02 माह |
| 28 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में जीनेपारीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(090) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 1.14 | 0.11 | 945.00 | 02 माह |
| 29 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में चौकीदार पुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(850) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.79 | 1.08 | 945.00 | 02 माह |
| 30 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में रंकीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.61 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 31 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुतहा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.61 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 32 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में शंकर मुरावनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(250) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.87 | 1.59 | 945.00 | 02 माह |
| 33 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बहराइच ककरदरी मार्ग से लाहौर कला सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.03 | 1.90 | 945.00 | 02 माह |
| 34 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में भगवानुपर नहर से कुम्हारनपुरवा तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 35 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में गुटहरू मार्ग के किमी0–1. 600 से सुन्दरपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(400) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 17.77 | 1.78 | 945.00 | 02 माह |
| 36 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में मोहम्मदपुर राजा सम्पर्क मार्ग से पतेढ़ा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.15 | 1.01 | 945.00 | 02 माह |
| 37 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में रघुनाथपुर सम्पर्क मार्ग (गिलौला) के किमी0–1(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.09 | 0.51 | 945.00 | 02 माह |
| 38 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में गिलौला सुविखा भरथापुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(100) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.96 | 1.40 | 945.00 | 02 माह |
| 39 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में नानपारा–शंकरपुर–लालपुर–हुजूरपुर मार्ग से चेतिया मुरार डिकारा काशीपुर मुसा मार्ग के किमी0–1,2,3(050) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.02 | 2.60 | 945.00 | 02 माह |
| 40 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में दर्जीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.61 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 41 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में एन0एस0एल0एच0 मार्ग से शाहपुर बरा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(350) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 23.97 | 2.40 | 945.00 | 02 माह |
| 42 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में एन0एस0एल0एच0 मार्ग भिठौरा रामसहाय से कल्यानपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(400) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 14.27 | 1.43 | 945.00 | 02 माह |
| 43 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में गिलौला सुविखा से पिपरा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.16 | 0.82 | 945.00 | 02 माह |
| 44 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पी0बी0बी0 मार्ग से अवधूतनगर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(550) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 25.99 | 2.60 | 945.00 | 02 माह |
| 45 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बी0के0 रोड से गोपाल सराय सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(900) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.18 | 0.92 | 945.00 | 02 माह |
| 46 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कसईपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.49 | 1.65 | 945.00 | 02 माह |
| 47 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में भयापुरवा परेवपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.03 | 1.90 | 945.00 | 02 माह |
| 48 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में लालपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 49 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में इकौना खरगूपुर नरपतपुर से तिरछा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(900) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.42 | 1.14 | 945.00 | 02 माह |
| 50 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पी0बी0बी0 रानी कुण्डा से बरईपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(190) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.10 | 1.51 | 945.00 | 02 माह |
| 51 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में इकौना नरायनजोत से सिरपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 52 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कटरा लालबोझी मार्ग से इनामुल्लाहपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(800) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 22.84 | 2.28 | 945.00 | 02 माह |
| 53 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में धरमपुर से बसंतपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(525) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 32.03 | 3.20 | 945.00 | 02 माह |
| 54 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में धरमपुर से मलौना घसियारी सम्पर्क मार्गके किमी0–1(975) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.36 | 1.24 | 945.00 | 02 माह |
| 55 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में जिगनिहा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(400) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 17.77 | 1.78 | 945.00 | 02 माह |
| 56 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में छीटूपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(100) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.96 | 1.40 | 945.00 | 02 माह |
| 57 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्रामसभा चेतिया मुरार मजरा लोहारी से लखना सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,(200) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.23 | 1.52 | 945.00 | 02 माह |
| 58 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में बहराइच–बलरामपुर मार्ग से भगवानपुर बनकट सरयू नहर पटरी होते हुए सीताद्वार मार्ग तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 29.17 | 2.92 | 945.00 | 02 माह |
| 59 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास खण्ड–गिलौला में नैपुरा से खुशामदपुर होते हुए मनिहारतारा तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(900) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.11 | 2.41 | 945.00 | 02 माह |
| 60 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में रमवापुर में फकरूद्दीन के बाग से कोलवा जंगल के बगल से होते हुए प्राथमिक विद्यालय रमवापुर तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 25.37 | 2.54 | 945.00 | 02 माह |
| 61 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में तेन्दुआ मंगलशाह से हरदत्तनगर गिरण्ट पी0डब्लू0डी0 रोड तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 25.37 | 2.54 | 945.00 | 02 माह |
| 62 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में इमरानपुरवा से रानीपुर प्रा0पा0 होते हुए लालपुर खदरा होते हुए सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(500) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 31.71 | 3.17 | 945.00 | 02 माह |
| 63 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कटरा मथुराघाट मार्ग के प्राथमिक विद्यालय बगहा होते हुए जोगिया बार्डर तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(700) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 8.88 | 0.89 | 945.00 | 02 माह |
| 64 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में गिलौला में परेवपुर पुरखी डिहवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2,3(300) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 29.17 | 2.92 | 945.00 | 02 माह |
| 65 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में कसियापुर से बेदौरा तक सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(900) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.11 | 2.41 | 945.00 | 02 माह |
| 66 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में दर्जीपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(900) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.42 | 1.14 | 945.00 | 02 माह |
| 67 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में परागदत्तपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1,2(050) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.33 | 1.33 | 945.00 | 02 माह |
| 68 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में लोनियनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.61 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 69 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजापुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.61 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 70 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास खण्ड–इकौना में गोविन्दपुर चमारनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 12.69 | 1.27 | 945.00 | 02 माह |
| 71 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास खण्ड–इकौना में करमोहना सम्पर्क मार्ग के किमी0–1(730) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.25 | 0.93 | 945.00 | 02 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 26–02–2026 से पूर्व।

3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाइन दिनांक 26–02–2026 से 07–03–2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 07–03–2026 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 07–03–2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।

(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176(सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती

**UP-246800 दिनांक 23.02.2026**

**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

न्यूज ब्रीफ

### अफीम की अवैध खेती में आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** दुधारा क्षेत्र में बिना लाइसेंस घर की बाउंड्री में अफीम की अवैध खेती के मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रिजवान अहमद (46) पुत्र अफगान हुसैन निवासी ग्राम पुरैना मंसूर थाना दुधारा को चोरहा नहर पुलिया के पास से दबोचा और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसओ अरविंद शर्मा ने बताया कि सोमवार को अबू उबैदा उर्फ छोटू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### हादसे में युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कपिलवस्तु थाना अंतर्गत बर्डपुर क्षेत्र ग्राम राशुलपुर टोला शिवपुर निवासी किशन प्रजापति 22 वर्ष पुत्र तीरथ प्रजापति मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। खबर के अनुसार बताया जाता है कि बर्डपुर कपिलवस्तु रोड पर टेंपो एवं मोटरसाइकिल के टक्कर से 22 वर्षीय बालक की मौत हो गई।

# भाजपा नेता का ब्लॉक में हंगामा

## महिला बीडीओ के सामने अर्द्धनग्न होकर गाली-गलौज व अभद्रता का आरोप

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पौली ब्लॉक में तैनात महिला बीडीओ और पंचायत सचिव से कथित अभद्रता व धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित बीडीओ और सचिव ने धनघटा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। आरोप है कि भाजपा पौली मंडल अध्यक्ष ने अधिकारियों पर राशनकार्ड में तत्काल रिपोर्ट लगाने का दबाव बनाया और विवाद के दौरान भाजपा नेता ने अर्धनग्न होकर गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। घटना की सूचना मिलते ही विकास भवन के अधिकारी-कर्मचारी थाने पहुंचने लगे। वहीं भाजपा के मंडल व जिला स्तर के नेता भी पहुंचे, जिससे दोनों पक्षों के समर्थकों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर एसडीएम धनघटा डॉ. सुनील कुमार और क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक आरोप-प्रत्यारोप जारी रहे। सीओ धनघटा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित बीडीओ के समर्थन में बीडीओ हैंसर सहित कई सचिव मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। संतोषजनक कार्रवाई न होने पर कर्मचारी जिलाधिकारी आलोक कुमार से मिलने पहुंच गए।



धनघटा थाना में बीडीओ पौली श्वेता वर्मा और सचिव से घटना की जानकारी लेते एसडीएम डॉ. सुनील कुमार व सीओ अभय नाथ मिश्रा। अमृत विचार

● राशनकार्ड में तत्काल रिपोर्ट लगाने का दबाव बनाया गया

बीडीओ पौली श्वेता वर्मा का कहना है कि मंगलवार को एसआईआर का कार्य पूरा करने के बाद वह एडीओ पंचायत कार्यालय पहुंचीं। इसी दौरान अमौली गांव निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह राशन कार्ड संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे और तत्काल रिपोर्ट लगाने का दबाव बनाने लगे। कहा कि हस्ताक्षर किए बिना किसी को ब्लॉक से जाने नहीं देंगे। हस्ताक्षर होने के बाद भी गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया। बीडीओ ने यह भी आरोप लगाया कि विवाद के दौरान आरोपी उनके सामने अर्धनग्न हो गए। जबकि, पंचायत सचिव रमाकांत का आरोप है कि भाजपा नेता अरविंद सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडा लेकर दौड़ाया। वहीं, इस संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनकी सीओ और एसडीएम से बात हुई है और जांच कराने का आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि जो दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सीओ धनघटा अभय नाथ मिश्रा का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 39 साल पुराने हत्या के मामले में आरोपी संदेह के आधार पर बरी

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1985 के डकैती व हत्या प्रकरण में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द करते हुए चार आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन की कहानी संदेहास्पद परिस्थितियों से घिरी है और उसे संदेह से परे सिद्ध नहीं किया जा सका। पूरा मामला अविश्वसनीय और असंभाव्य प्रतीत होता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने अमर सिंह और अन्य की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार 10/11 नवंबर 1985 की रात लगभग 2 बजे ग्राम सकरवा में 10-12 सशस्त्र डकैतों ने पोहप सिंह के घर धावा बोला। फायरिंग में सुमेरा की मृत्यु हो गई और नौ अन्य लोग घायल हुए। एफआईआर में पांच नामजद आरोपियों सहित कुछ अज्ञात व्यक्तियों का उल्लेख था। घटना को बिजली की रोशनी में देखे जाने और आरोपियों की पहचान होने का दावा किया गया। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 396 के तहत पुलिस स्टेशन गोवर्धन, मथुरा में मामला दर्ज किया गया, जिस पर संज्ञान लेते हुए सत्र न्यायाधीश मथुरा ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक आरोपी की पूर्व में मृत्यु हो जाने के कारण अपील समाप्त हो गई, जबकि शेष चार आरोपियों-अमर सिंह, प्रकाश उर्फ ओमप्रकाश, बहोरी और बीरी सिंह को कोर्ट ने बरी कर दिया। कोर्ट ने तथ्यों पर विचार करते हुए कहा कि सामान्यतः डकैत अंधेरे का लाभ उठाते हैं और अपनी पहचान छुपाते हैं जबकि वह मौजूदा मामले में खुलेआम बिजली की रोशनी में बिना चेहरा ढंके आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने की बात कही गई।


**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेस्पांडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाय (आर्डर 41 कायदा 14)

बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0–12, लखनऊ

अपील बनारजी आर0सी0ए0 वाद सं0–41 / 2025 ता0 पेशी–26.02.2026

श्री रमेश चन्द्र जायसवाल आयु लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व0 श्री केदारनाथ जायसवाल निवासी–297 / 119–6, शाहगंज, अशर्फाबाद, लखनऊ, चौक, उ0प्र0 आदि –अपीलान्ट

**बनाम्**

सेवा में, श्री रामकृष्ण जायसवाल आयु लगभग 61 वर्ष पुत्र स्व0 श्री मथुरा प्रसाद निवासी–556, मोहल्ला आशियाना, एलडीए कालोनी, पो0 आशियाना, थाना आशियाना, लखनऊ –रेस्पोडेन्ट

मुजरिखा 20 माह फरवरी सन् 2025 ई0 बामुकदमा नं0 नियमित वाद सं0 193 सन 2019 ई0 रमेश चन्द्र जायसवाल व अन्य बनाम रामकृष्ण जायसवाल –रेस्पोडेन्ट

मुत्तिला हो कि अपील बनारजी डिगरी मुकदमा मुन्दरजा वाला में अपीलार्थी गण ने वाद प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–96 सी0पी0सी0 पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 26.02.2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप खुद या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानून आपको तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजबीज गैर हाजिरी में की जायेगी। आज तारीख 12 माह 01 सन 2026 ई0 मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से जारी किया गया।

दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेस्पांडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाय (आर्डर 41 कायदा 14)

बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0–12, लखनऊ

अपील बनारजी आर0सी0ए0 वाद सं0–40 / 2025 ता0 पेशी–26.02.2026

श्री रमेश चन्द्र जायसवाल आयु लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व0 श्री केदारनाथ जायसवाल निवासी–297 / 119–6, शाहगंज, अशर्फाबाद, लखनऊ, चौक, उ0प्र0 आदि –अपीलान्ट

**बनाम्**

सेवा में, श्री रामकृष्ण जायसवाल आयु लगभग 61 वर्ष पुत्र स्व0 श्री मथुरा प्रसाद निवासी–556, मोहल्ला आशियाना, एलडीए कालोनी, पो0 आशियाना, थाना आशियाना, लखनऊ –रेस्पोडेन्ट

मुजरिखा 20 माह फरवरी सन् 2025 ई0 बामुकदमा नं0 नियमित वाद सं0 1641 सन 2019 ई0 रमेश चन्द्र जायसवाल व अन्य बनाम रामकृष्ण जायसवाल –रेस्पोडेन्ट

मुत्तिला हो कि अपील बनारजी डिगरी मुकदमा मुन्दरजा वाला में अपीलार्थी गण ने वाद प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–96 सी0पी0सी0 पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 26.02.2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप खुद या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानून आपको तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजबीज गैर हाजिरी में की जायेगी। आज तारीख 12 माह 01 सन 2026 ई0 मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से जारी किया गया।

दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत


# मेगा नेत्र शिविर में 100 से अधिक लोगों की सर्जरी की

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** भारतीय सेना तथा वायु सेना की एक उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा वायु सेना अस्पताल गोरखपुर में मंगलवार से एक विशेष मेगा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। दोनों सेनाओं के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा 100 से अधिक लोगों की सर्जरी कर आंखों की रोशनी लौटाई गई। सर्जिकल टीम का नेतृत्व विश्व-प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ तथा आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली के नेत्र विभाग के प्रमुख और वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर (डॉ.) संजय कुमार मिश्रा द्वारा किया जा रहा है।



नेत्र शिविर में मौजूद लोग व सेना के चिकित्सक। अमृत विचार

भारतीय सेना द्वारा की गई इस पहल की शुरुआत बेहद शानदार रही। इस मेगा नेत्र शिविर के दौरान 300 से अधिक लोगों के आंखों की सर्जरी करने की योजना बनाई गई है। शिविर के पहले दिन मंगलवार को मोतियाबिंद सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी और जटिल रेटिना सर्जरी शामिल हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल रवि चौहान और मेजर अमृता जोशी सहित एक कुशल सर्जिकल टीम के सहयोग से, आंखों की सर्जरी हेतु आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग किया गया, जिन्हें भारतीय वायु सेना के सेवा विमान से यहां लाया गया। मंगलवार को नेत्र शिविर के उद्घाटन समारोह में भारतीय सेना द्वारा किए जा रहे इस मानवीय पहल के राष्ट्रीय महत्व के बारे में बताया गया।

### भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के दिशा–निर्देश पर विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 'जिला सैनिक बन्धु' की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों से उनके शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण, पंजीकरण, पेंशन तथा राशन कार्डो से जोड़ी अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक रामकेवल, रामवृक्ष गुप्ता और बैजनाथ ने नाले के निर्माण, राशन कार्ड, जमीन की पैमाइश, रास्ते का विवाद, तथा प्रकरण मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखे। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन कर निस्तारण के निर्देश दिए।

# होली पर विशेष ट्रेनों का होगा संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 05575/05576 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 11 मार्च को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 10 एवं 17 मार्च को किया जायेगा।

इसके अलावा 05579/05580 पूर्णिया कोर्ट-आनन्द विहार टर्मिनल-पूर्णिया कोर्ट वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन पूर्णिया कोर्ट से 06 से 15 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 08 से 16 मार्च तक प्रत्येक रविवार, सोमवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

04823/04824 जोधपुर-मऊ-जोधपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन जोधपुर से 01 से 29 मार्चतक प्रत्येक रविवार को तथा मऊ से 03 से 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल. आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी साप्ताहिक एक्सप्रेस

**गोरखपुर , अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर व्यासनगर–काशी स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग के कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में 18524 बनारस–विशाखपट्नम साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेगी। बनारस से 27 फरवरी के स्थान पर 26 फरवरी को चलने वाली 18524 बनारस–विशाखपट्नम साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बनारस–वाराणसी–पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनारस–प्रयागराज जं.–चुनार–पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

### गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए 05064/05063 गोमतीनगर–मालतीपाटपुर–गोमतीनगर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन गोमतीनगर से 26 फरवरी से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को तथा मालतीपाटपुर से 28 फरवरी से 28 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01 साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव

**गोरखपुर , अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12035/12036 टनकपुर–दिल्ली–टनकपुर जन शताब्दी एक्सप्रेस का इज्जतनगर मंडल के मझोला पकड़िया स्टेशन पर 26 फरवरी से प्रयोगिक आधार पर 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जायेगा।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं ANIL KUMAR GUPTA से अपना नाम बदलकर ANIL KUMAR रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए पुत्र **RAMKRISHAN निवासी ग्राम गिलशाह मऊ पोस्ट सामाधा पुरावा जिला उन्नाव** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 1992, अनुक्रमांक– 0488797, इण्टरमीडिएट वर्ष 1994, अनुक्रमांक– 0231308, एवं बी.ए. वर्ष 1995, 96, 97, अनुक्रमांक– 5640248 की अंकतालिका एवं सर्टिफिकेट की मूल प्रतियां खो गई हैं। **किरन मिश्रा/(किरन तिवारी– अंकतालिका नाम) पुत्री स्व. के. के. तिवारी पता– 548छ/150, धैंधा खेड़ा, न्यू मानक नगर, लखनऊ –226011**

**कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर**

पत्रांक: 108 / नाजिर / स्टैण्ड एवं कैण्टीन नीलामी–सूचना प्रकाशन / 2026 दिनांक: 18 फरवरी, 2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय, अम्बेडकरनगर के परिसर में साईकिल/मोटर साईकिल स्टैण्ड एवं कैण्टीन की नीलामी वर्ष 2026–27 (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) के लिए दिनांक–26.02.2026 को शायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में की जानी है। नीलामी की शर्ते कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं समस्त तहसील, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। इच्छुक अभ्यथह्न नीलामी की शर्ते पूर्ण करने पर नीलामी में भाग ले सकेंगें। इस सम्बन्ध में विस्तृत शर्ते / जानकारी नजारत अनुभाग, कलेक्ट्रेट, अम्बेडकरनगर एंव http://ambedkarnagar. nic.in से की जा सकती है।

नीलामी अधिकारी /अपर जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर।

UP-246917 दिनांक 24.02.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


### श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर वंदे भारत का जम्मू तक विस्तार

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** जम्मू और कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा –श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन विस्तार जम्मू तक कर दिया है। इस इलाके के लोगों की यह लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है, जिससे हज़ारों यात्रियों को तेज़, सुरक्षित और ज़्यादा भरोसेमंद यात्रा का विकल्प मिल गया हैं। लोगों की मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने अब श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा –श्रीनगर वंदे भारत ट्रेनों का जम्मू तक विस्तार कर दिया है, जिससे जम्मू व कश्मीर घाटी के बीच यात्रियों का आवागमन सुगम होगा।

# थाईलैंड के बौद्ध भिक्षुओं ने की पूजा-अर्चना

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः** कुशीनगर में बुधवार को 10 सदस्यीय बौद्ध भिक्षुओं व श्रद्धालुओं का दल रामाभार स्तूप व मुख्य मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण और शांति की कामना की। यह दल बीते 20 जनवरी को थाइलैंड से बोधगया आकर कुशीनगर पहुंचा था और विशेष पूजा करने के बाद लुंबनी के लिए रवाना हो गया। दल के साथ चल रहे गाइड मनोज प्रजापति ने बताया यह 20 फरवरी गया राजगीर, 21 बोधगया,22 सारनाथ वाराणसी, 23 कुशीनगर, 24 लुम्बिन नेपाल, 25 श्रावस्ती, 26 लखनऊ, 27 बैंकाक थाईलैंड पहुंच जायेंगे। यह टीम कुशीनगर पहुंचकर पुजा करने के बाद नेपाल के लुंबिनी से श्रावस्ती भ्रमण कर थाईलैंड चले जायेंगे। कुशीनगर में जहां मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभार स्तूप और मांथा कुंवर मंदिर में भ्रमण कर दल लुंबनी के लिए रवाना होगा। दल में 10 थाई बौद्ध भिक्षु श्रद्धालु मौजूद थे।



पूजा–अर्चना के बाद टीम के सदस्य। अमृत विचार


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या–याँ / 301 / इज्ज़त / 25–26 / ओ0टी0–39**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्ज़तनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.:–1, कार्य का संक्षिप्त विवरण:–** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 01 वर्ष हेतु आवधिक जीर्णोद्धार के दौरान ब्रेक वैन के उन्नयन का कार्य (60 ब्रेक वैन) पिंक बुक सं. 770 / 2024–25 (स्कोप ऑफ़ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (रु० में):–** ₹ 28790994.17 (रुपये दो करोड़ सत्तासी लाख नब्बे हज़ार नौ सौ चौरानवे एवं सत्तरह पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रु० में):–** ₹ 294000 (दो लाख चौरानवे हज़ार रुपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** शून्य, **कार्य अवधि:–** एक वर्ष, **निविदा खुलने की तिथि व समय:–** 13.03.2026 15:10 बजे, **नोट:– 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 20.02.2026 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 13.03.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है।, **2.** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं।, **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ / प्लांट, यॉंत्रिक कारखाना, मुजाधि / यांत्रिक–143 इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

**कार्यालय : सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, अयोध्या सम्भाग, अयोध्या।**

पत्रांक–4100/सं0खा0नि0/स्वी0कक्ष/गे0ख0/हैण्ड0परि0/ई–टेण्डर/2026–27, दिनांक 24/02/2026

**ई–टेण्डर की सूचना**

अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय के पत्रांक 5471/अ0आ0वि0/र0वि0व0–01/2026–27, दिनांक 29.12.2025 के द्वारा शासनादेश संख्या– 380/29–5–2025 (E.2000859) दिनांक 24.12.2025 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अयोध्या सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत समस्त एजेन्सी के अन्तर्गत अनुमोदित गेहूं क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु रबी विपणन वर्ष 2026–27 हेतु निर्गत भारत सरकार की कॉस्टशीट में अंकित दर के सापेक्ष अयोध्या सम्भाग के कुल 26 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर ई–टेण्डरिंग के माध्यम से, नियमानुसार अर्ह ठेकेदारों से दिनांक 03.03.2026 के अपरान्ह् 12.00 बजे तक निविदाए आमंत्रित की गयी है। कार्य का विवरण, टेण्डर की शर्ते, निविदा प्रपत्र आदि वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**(श्री कृष्ण)**
**संभागीय खाद्य नियन्त्रक, अयोध्या संभाग, अयोध्या।**


परंपरा | 11 व 12 अप्रैल को कुशीनगर जिले के फाजिलनगर में संपन्न होगा कार्यक्रम

# फूहड़पन की संस्कृति के खिलाफ होगा लोकरंग का आयोजन

**लखनऊ, अमृत विचारः** फूहड़पन की संस्कृति के खिलाफ पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से पिछले 19 साल से चल रहे 'लोकरंग' का दो दिवसीय कार्यक्रम 11 एवं 12 अप्रैल को जोगिया जनूबी पट्टी, फाजिलनगर, कुशीनगर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न अंचलों की लोक परंपराओं का संगम होगा, जिसमें विविध प्रदेशों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत चित्र प्रस्तुत करेंगे।



लोकरंग आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र कुशवाहा ने बताया कि 11 अप्रैल की सुबह औपचारिक समारोह के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसमें लोकरंग पत्रिका-2026 का लोकार्पण साहित्यकार प्रो. सुभाष चंद्र सैनी करेंगे। इसके पश्चात परंपरागत रूप से गांव की महिलाएं रोपनी–सोहनी गीतों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। वाराणसी के दुर्गेश उपाध्याय एवं उनके साथी पारंपरिक भोजपुरी गायन प्रस्तुत करेंगे। बुंदेली सम्राट लोक कला संस्थान, विरधा (ललितपुर) द्वारा बुंदेली गायन, सैरा एवं राई नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ से कहानीबाज थिएटर सोसायटी, गेजामुडा (रायगढ़) की टीम सुआ, करमा, ददरिया, पंथी एवं राउत नाचा जैसे लोकनृत्यों की प्रस्तुति देंगी। त्रिपुरा की खुम्पुई कल्चरल अकादमी, पंचाली डेब्बार्मा, नार्थ बानामालीपुर, अगरतला पहली बार लोकरंग में सहभागिता कर रही है। 12 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से लोक संस्कृति के नायक बनाम वंचितों की संघर्ष गाथा विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में प्रो. सुभाष चंद्र सैनी, प्रो. दिनेश कुशवाह , प्रोफेसर अनिल सिंह, रमेश भंगी, कृष्ण प्रताप सिंह, दयाशंकर राय ,डा. रामनरेश राम, डा. योगेंद्र चौबे, डा. रामायण राम ,सरिता भारत, डा. निरंजन कुमार सिंह, डा. घनश्याम कुशवाह, डा. इंद्र कुमार यादव, रामजी यादव, मनोज कुमार सिंह , डा. नीलाम्बुज सरोज भी शामिल होंगे। हमेशा की तरह संभावना कला मंच, गाजीपुर द्वारा कविता पोस्टर, भित्ति चित्र, मंच एवं परिसर सज्जा की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No./Lot No. | KHNM-CTG |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 13.02.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 03.03.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 03.03.2026 at 11:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| S. N. | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/ PF-1/ 31/ADDL | 03.03.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |

624/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय जिलाधिकारी, रायबरेली**

संख्या 2607 / आबकारी / अपील / 2025–26/रायबरेली/ दिनांक फरवरी 20, 2026

**अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होली पर्व सन्निकट होने के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अत: अवैध स्थानों व अड्डों से खरीदी गयी शराब में मिथाइल अल्कोहल मिश्रित शराब हो सकती है, जो कि घातक जहर है और इसकी बहुत थोड़ी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है एवं उसकी जान भी जा सकती है। आपका जीवन अमूल्य है, इस सस्ती शराब के सकता है एवं पनी जान गवायें। इसलिये अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी दशा में अवैध स्थानों व अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। मदिरा का सेवन अधिकृत आबकारी दुकानों से ही सील लगी बोतल खरीद कर करें। यदि आपके आस–पास अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर तत्काल सूचना दें। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के मोबाइल नम्बर क्रमश: क्षेत्र–1 सदर, 9454466277, क्षेत्र–2 महराजगंज, 9454466275, क्षेत्र–3 लालगंज, 9454466276, क्षेत्र–4 सलोन, 9454466274, क्षेत्र–5 डलमऊ, 9454465980, क्षेत्र–6 ऊचॉहार, 9454465979 एवं टोल फ्री नम्बर–14405/9454466019 है। आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**(दिनेश कुमार)** जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली

**(हर्षिता माथुर)** जिलाधिकारी रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### नवी मुंबई में एक करोड़ की अफीम बरामद

**ठाणे।** नवी मुंबई में एक करोड़ रुपये मूल्य की अफीम बरामद किए जाने के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को तलोजा के घोट कैंप इलाके में एक परिसर पर छापा मारा और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों पंजाब के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुरिंदर गुरुजंत सिंह उर्फ कालू और मनिंदर गुरुजंत सिंह के पास से 1.02 करोड़ रुपये मूल्य की अफीम बरामद की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सीआरपीएफ की 96वीं बटालियन के सिपाही अजीत सिंह के रूप में हुई है। वह दक्षिण कश्मीर के बिजबेहड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में चालक के रूप में तैनात थे।

### दिल्ली में छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार निगरानी के लिए छह नए परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र (सीएएक्यूएमएस) सक्रिय कर दिए गए हैं। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। इसके साथ ही दिल्ली में ऐसे केंद्रों की कुल संख्या 46 हो गई है, जो देश में सबसे अधिक है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, सेंट्रल रिज क्षेत्र में मालचा महल के पास स्थित इसरो अर्थ स्टेशन, दिल्ली छावनी, राष्ट्रमंडल खेल परिसर और नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (पश्चिमी परिसर) में नए केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### एयरवेज ने किया दावा विमान में नहीं थी खराबी

**नई दिल्ली।** झारखंड में एयर एंबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए इसकी संचालक कंपनी रेडबर्ड एयरवेज ने मंगलवार को दावा किया कि विमान में कोई खराबी नहीं थी और उड़ान का संचालन करने वाले पायलट अनुभवी थे। एयर एम्बुलेंस के रूप में संचालित बीचक्राफ्ट सी90 विमान वीटी-एजेवी सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। मामले की जांच कर रहे वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने राष्ट्रीय राजधानी में रेडबर्ड एयरवेज के पंजीकृत कार्यालय का दौरा किया और अपने साथ दस्तावेजों के कार्टन ले गया।

### कश्मीर में वंदे भारत के विस्तार पर रोक

**जम्मू।** श्रीनगर से जम्मू तक वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को एक मार्च से शुरू करने की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद, रेलवे बोर्ड ने मंगलवार रात इस निर्णय पर रोक लगा दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल ने कहा, अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण एक मार्च से वंदे भारत ट्रेन के विस्तार के अधिसूचना कार्यक्रम को अगली सूचना तक रेलवे बोर्ड द्वारा स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले शाम को उत्तर रेलवे ने घोषणा की थी कि वंदे भारत को कटरा से बढ़ाकर जम्मू तवी तक किया जाएगा, जिससे एक मार्च से दोनों शहरों के बीच सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी।

# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।

पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को राज्य में एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

### पंजाब में आतंकी मॉडयूल का भंडाफोड़ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस के मुताबिक, उसने जबरन वसूली से जुड़ी गोलीबारी की घटनाओं में कथित तौर पर संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूस जब्त किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान शहीद भगत सिंह नगर जिले के कुलम गांव निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सनी और रावल के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में रह रहे अपने आका गोपी नवाशेहरिया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो बीकेआई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने गढ़शंकर इलाके में एक ट्रेवल एजेंट के आवास पर पैसे की उगाही के लिए दो बार गोलियां चलाई थीं।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

- गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''ए कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी। राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

# वायुसेना ने राजस्थान के पोकरण रेंज में सटीक मारक क्षमता का किया प्रदर्शन

- रेगिस्तान में गरजे विमान, लक्ष्यों पर लगाए सटीक निशाने
- वायु शक्ति युद्धाभ्यास के तहत किया फुल ड्रेस रिहर्सल

**जैसलमेर, एजेंसी**

भारतीय वायु सेना ने मंगलवार को पश्चिमी राजस्थान के थार रेगिस्तान में स्थित पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में वायु शक्ति का फुल ड्रेस अभ्यास किया। इसका मुख्य कार्यक्रम 27 फरवरी को आयोजित होगा। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों ने इस अभ्यास में भाग लिया, जिसमें समन्वित हमलों और एकीकृत अभियानों का अभ्यास किया गया, ताकि वास्तविक युद्ध जैसी स्थिति का अनुभव कराया जा सके।

इस अभ्यास का लक्ष्य समन्वित अभियानों के माध्यम से परिचालन तत्परता, सटीक हमले की क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना है। हालांकि, तकनीकी समस्या के चलते तेजस लड़ाकू विमान ने इस अभ्यास में भाग नहीं लिया। सुखोई-30 एमकेआई विमानों ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि मिग-29 विमानों ने टैंकों के काफिले पर हमला किया। आकाश मिसाइल प्रणाली ने भी लक्ष्यों को भेदा। सी-130 विमान ने रात में लैंडिंग की और सी-295 परिवहन विमान ने भी लैंडिंग का अभ्यास किया। प्रचंड और अपाचे हेलीकॉप्टरों के साथ जगुआर विमान ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। वायुसेना के गरुड़ कमांडो हेलीकॉप्टर से एक इमारत पर उतरे और आतंकवाद-रोधी अभियान का अभ्यास किया। उन्होंने खिड़कियां तोड़ीं, मौजूद आतंकवादियों को निष्क्रिय किया और बंधकों को मुक्त कराया। इसके बाद सी-130 विमान ने रात में रनवे पर उतरकर कमांडो को सुरक्षित बाहर निकाला।



भारतीय सेना के विमानों ने युद्धाभ्यास के दौरान भेदे लक्ष्य ● एजेंसी

### श्रीगंगानगरका बड़ा हिस्सा संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने जिले का राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62/15 के पश्चिमी क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। डॉ. दुहन ने मंगलवार को बताया कि इसके चलते अब विदेशी एवं एनआरआई नागरिक इन क्षेत्रों में बिना अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ संवेदनशील जिला है। सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस क्षेत्र को भारत सरकार ने नए आप्रवास एवं विदेशी अधिनियम -2025 के तहत अधिसूचना जारी करके संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62/15 के पश्चिम दिशा में स्थित पूरा क्षेत्र श्रीगंगानगर शहर और सूरतगढ़ शहर की परिधि को छोड़कर विदेशी एवं एनआरआई नागरिकों के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

## विरासत यात्रा




द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निर्मित लकड़ी की ट्राम गीतांजलि की विशेष विरासत यात्रा को कलकत्ता ट्राम सेवा की 153वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# आतंकवाद से एकजुट हो लड़ेंगे भारत व इजराइल

- दोनों देशों ने आतंक को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराते हुए इस खतरे से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने का मंगलवार को संकल्प लिया। दोनों देशों ने सूचना साझा करने समेत विभिन्न माध्यमों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

दोनों पक्षों ने नई दिल्ली में आयोजित आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह की बैठक में आतंकवाद की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग के विस्तार का यह नया संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो-दिवसीय इज़राइल यात्रा से एक दिन पहले सामने आया है। बैठक में भारत और इजराइल ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का सामना करने के लिए निरंतर और व्यापक तरीके से समन्वित कार्रवाई आवश्यक है।

भारत-इजराइल के संयुक्त बयान में कहा गया कि इस पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी क्षेत्र में बहुपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसमें संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग शामिल है।

### मतदान केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की देखरेख में तैनात होगी पुलिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने पारदर्शिता बढ़ाने की कोशिश के तहत आदेश दिया है कि अब से मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर राज्य पुलिस कर्मियों की तैनाती का काम (रैंडमाइजेशन) निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात केंद्रीय पुलिस पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में किया जाएगा। पूर्वाग्रह से बचने के लिए स्थानीय पुलिस को बाहर तैनात किया जाता है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और डीजीपी को सोमवार को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा, मतदान के दिन मतदान केंद्र पर तैनात राज्य पुलिस कर्मियों का रैंडमाइजेशन उस जिले के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में किया जाएगा।

# महाराष्ट्र: मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

- विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया।

सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

### कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी। आंतरिक जांच भी शुरू कर दी गई है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। इस पर टंडन ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी। विद्यार्थियों ने विवि में विरोध प्रदर्शन भी किया और टंडन के खिलाफ नारे लगाए। चन्नी ने बताया कि कुलपति टंडन की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और जगराओं के उपमंडल मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है।

## ज्ञान का विस्तार

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में हुई बैठक में शोध की गुणवत्ता पर चर्चा

# संस्कृत भाषा में शोध को दिलाएंगे वैश्विक पहचान

- देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने लिया भाग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सारस्वत सभागार में सोमवार को केंद्रीय शोध मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संस्कृत शोध की गुणवत्ता को बेहतर बनाना, भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार करना और शोध कार्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने का लक्ष्य है।

बैठक में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने बाह्य सदस्यों के रूप में भाग लिया। कुलपति प्रो. वरखेड़ी ने सभी विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए कहा कि अंत:विषयक सहयोग से संस्कृत अध्ययन को नई दिशा मिलेगी और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शोध पद्धतियों से जोड़ा जा सकेगा। बैठक में शामिल प्रमुख विद्वानों में प्रो. रिचा चोपड़ा (आईआईटी खड़गपुर), प्रो. मोहन राघवन (आईआईटी हैदराबाद), प्रो. ओमनाथ बिमली (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. सम्पदानन्द मिश्र (ऋषिहुड विवि) और प्रो. राकेश दास शामिल रहे। प्रो. गणेश टी. पंडित ने बताया कि बैठक में विवि के शैक्षणिक और संरचनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### 199 शोध प्रस्तावों को प्रदान की गई मंजूरी

मंडल ने सर्वसम्मति से 199 नए शोध प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की, जबकि 633 शोधार्थियों की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा भी की गई। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के विस्तार के लिए ''सेतुबन्ध योजना'' पर विशेष चर्चा हुई। इस योजना के माध्यम से संस्कृत के अतिरिक्त अन्य विषयों के विद्वानों को भी भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ा जाएगा। योजना के अंतर्गत चयनित 54 अभ्यर्थियों और अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों के शोध कार्यों की समीक्षा की गई। शोध गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शोध संगम कार्यशाला आयोजित करने और नए शोध-मार्गदर्शकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी गई।

### देशभर में 20 शोध केंद्रों के उन्नयन को विमर्श

बैठक में देशभर में विश्वविद्यालय के 20 शोध केंद्रों के उन्नयन को लेकर व्यापक नीतिगत विमर्श हुआ। बैठक में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि आईआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ सहयोग से संस्कृत शोध को नई गति मिलेगी और भारतीय ज्ञान परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त होगी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रागा मुरली कृष्ण, सदस्य-सचिव एवं अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, शोध अधिष्ठाता प्रो. श्रीधर मिश्र, प्रो. देवदत्त सरोदे, परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### गौरव को पाकिस्तानी समूह में शामिल होना चाहिए था

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई को फिलीपीन पर संसदीय मैत्री समिति के बजाय भारत-पाकिस्तान समूह में शामिल किया जाना चाहिए था। माना जा रहा कि यह टिप्पणी उन्होंने विपक्षी नेता पर पाकिस्तानी एजेंट होने के अपने आरोप के संदर्भ में की। वहीं, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारत-फिलीपीन संसदीय मैत्री समूह के प्रमुख के रूप में उसके अध्यक्ष का नामांकन ऐसे समय में हुआ है जब मुख्यमंत्री गोगोई के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भारत-पाकिस्तान समूह दिया जाना चाहिए था। गलती से उन्हें भारत-फिलीपीन समूह दे दिया गया। जोरहाट जिले के मारियानी में पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया था।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरी: राहुल

- कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा

**भोपाल, एजेंसी**



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की 'किसान महाचौपाल' में उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम जारी किया गया था।

# अमृत विचार

बुधवार, 25 फरवरी 2026






हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।

–सम्राट अशोक

## नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

### प्रसंगवश

## हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।



अंबिका अंबी

लेखिका

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह

कानपुर

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

**भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ इजराइल अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।**

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दूनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

## आमने सामने



मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।


**–अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।

**–पंकज चौधरी**
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



# भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह

विज्ञान लेखक

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एव्ल्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

**विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं।**

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

*-मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

# भजन क्लबिंग

## परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

### आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

### रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

### लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

### पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन-जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी-कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

### मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार




भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।


लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।

**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है। पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।



### पॉल के बारे में

पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।



चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

## कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट

कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है।



कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 25 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश सौर पार्क में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी क्लीनमैक्स

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 200 मेगावाट के सौर बिजली पार्क को मंजूरी दे दी है। इसे क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनी यशस्वा पावर एलएलपी 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के तहत श्री सत्य साई जिले के परिगी मंडल के बीगनिपल्ले और आसपास के गांवों में 200 मेगावाट एसी/300 मेगावाट पीक डीसी सौर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 44.5 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं करीब 690 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गुजरात के टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। टोरेंट ग्रुप संदर्भ-केंद्रित मॉडल के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा।

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।



### इसलिए आईटी शेयरों की बिकवाली

- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

- भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित शृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

- विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

- मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंततः 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार को 583 करोड़ रुपये लौटाए

- सरकारी खातों से कर्मचारियों की साठगांठ से पार की गई थी रकम

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों के खातों में मूलधन एवं ब्याज समेत पूरी राशि जमा करा दी है जो कुल मिलाकर 583 करोड़ रुपये है। बैंक ने शेयर बाजार को इस बारे में सूचना दी है।

बैंक ने कहा कि वह कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और राज्य सरकार के विभागों के साथ इस धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा और रकम की वसूली के लिए प्रयासरत रहेगा। बैंक ने चंडीगढ़ की एक शाखा में हरियाणा सरकार से जुड़े कुछ खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का रविवार को खुलासा किया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मामले में करीब 556 करोड़ रुपये की राशि वापस हासिल कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा, लगभग 22 करोड़ रुपये के ब्याज समेत करीब 556 करोड़ रुपये 24 घंटे के भीतर ही वापस आ गए। उन्होंने उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो।

# बैंकों में ठगी का पर्दाफाश

### करीब एक दशक तक ग्राहकों से धोखाधड़ी

दो दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक के बाद बैंकों को गलत तरीके से बीमा और दूसरे वित्तीय उत्पाद बेचने के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की। हालांकि बैंकों की अपने ग्राहकों के साथ यह धोखाधड़ी 10 साल से भी ज्यादा समय से चल रही थी। यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि बैंकों ने इस अंतराल में कितने लोगों से कितना पैसा अवैध रूप से वसूल किया। अब जरूर आरबीआई ने ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनके तहत ऐसे मामलों में बैंकों को पूरा पैसा रिफंड करने और मुआवजा देने के प्रावधान हैं। ये नियम 1 जुलाई 2026 से लागू होने की संभावना है।



### क्या है पूरा मामला

- बैंक ग्राहकों को होम लोन और अन्य सेवाओं के साथ जबरन अनावश्यक बीमा उत्पाद बेच रहे थे, उन मामलों में भी जिनमें पहले से पर्याप्त कवर था।
- अब वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री गैरकानूनी है और भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध की श्रेणी में भी आती है।

### इन उत्पादों की अवैध बंडलिंग

- होम लोन या पर्सनल लोन के साथ महंगी जीवन बीमा या स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदना अनिवार्य बनाना।
- कुछ बैंक अपने ग्राहकों को गुमराह कर एफडी के बदले भी उन्हें बीमा पॉलिसी बेच रहे थे।
- जोखिम प्रोफाइल की जांच किए बिना ग्राहकों को उच्च जोखिम वाले म्यूचुअल फंड बेचने के मामले।
- पेंशन योजनाएं, सोने के सिक्के, निवेश उत्पाद या लॉकर सुविधा या नए खाते पर बीमा के लिए दबाव।

### रिजर्व बैंक की गाइड लाइन

- गलत बिक्री साबित होने पर बैंक को पूरा पैसा वापस करना होगा और किसी भी वित्तीय नुकसान के लिए मुआवजा भी देना होगा।
- बैंक यह कहकर नहीं बच सकेंगे कि ग्राहक ने साइन किए थे। अगर उत्पाद किसी भी प्रकार गलत है तो बैंक को जिम्मेदार माना जाएगा।
- डिजिटल इंटरफेस पर ग्राहकों को भ्रमित करने वाले डार्क पैटर्न्स यानी छिपे हुए विकल्प का उपयोग भी बैंकों के लिए अब प्रतिबंधित होगा।

### ऐसी ठगी पर क्या करें

- बैंक शाखा और नोडल अधिकारी को लिखित शिकायत दें। उन्हें 30 दिन का समय दें।
- बैंक 30 दिन में समाधान नहीं करे तो रिजर्व बैंक के सीएमएस पोर्टल पर शिकायत करें।
- बीमा लोकपाल के पास जा सकते हैं। आपके लिए उपभोक्ता फोरम भी एक विकल्प है।

# स्थिति स्पष्ट होते ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता शुरू करेंगे: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि जैसे ही अमेरिका में शुल्क के मोर्चे पर स्थिति और स्पष्ट होगी, भारत व्यापार वार्ता फिर से शुरू करेगा।

भारत और अमेरिका ने 22 फरवरी को अपने मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया था। यह बैठक इस सप्ताह वाशिंगटन में होनी थी, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाना था। पड़ोसी देशों, विशेषकर चीन से निवेश आकर्षित करने के लिए 'प्रेस नोट 3' के तहत लगाए गए प्रतिबंधों में ढील देने के सवाल पर गोयल ने कहा कि मंत्रालय इस मुद्दे पर उद्योग जगत के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार उन पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक जुड़ाव को आसान बना सकती है, जिनके साथ संबंधों में अब सुधार हुआ है।



- वाणिज्य मंत्री ने कहा- चीन से निवेश आकर्षित करने को बातचीत जारी

गोयल ने 'बिजनेस स्टैंडर्ड मंथन' कार्यक्रम में कहा, प्रेस नोट 3 को भारतीय उद्योगों और व्यवसायों को अवसरवादी अधिग्रहण से बचाने के लिए लाया गया था। विशेष रूप से महामारी के दौरान, जब कंपनियों के मूल्यांकन पर बुरा असर पड़ा था। उभरती परिस्थितियों और बदलते समय के साथ हमारी सरकार सुझाव सुनने और नए विचारों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार है।

# समुद्र में केबल प्रणाली एआई युग में डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़

- ट्राई चेयरमैन ने कहा- इस राह में भूराजनीतिक तनाव कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने मंगलवार को कहा कि समुद्री केबल प्रणाली प्राकृतिक आपदाओं, भूराजनीतिक तनाव और बढ़ती डेटा मांग जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जिनसे निपटने के लिए तकनीकी नवाचार, परिचालन मजबूती और नीतिगत समाधान के समन्वित दृष्टिकोण की जरूरत है।

लाहोटी ने यहां ब्रॉडकास्ट इंडिया फोरम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि समुद्र तल में बिछाई जाने वाली केबल प्रणाली आज के एआई युग में डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने सुझाव दिया कि बेहतर मार्ग नियोजन, कम जोखिम वाले क्षेत्रों में केबल बिछाना, वास्तविक समय में निगरानी की व्यवस्था और वैकल्पिक मार्ग विकसित करने से भौतिक क्षति और सेवा बाधित होने का असर कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत नियामकीय ढांचा सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। भूराजनीतिक तनाव और बढ़ती डेटा खपत के कारण क्षमता में सुधार ऑपरेटरों के लिए निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा डेटा की खपत कर रहे हैं भारतीय

लाहोटी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या छह गुना बढ़कर नवंबर, 2025 में 100 करोड़ से अधिक हो गई। भारतीय मोबाइल उपभोक्ता प्रति माह औसतन 27 जीबी डेटा की खपत कर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है। ट्राई चेयरमैन ने आर्थिक समीक्षा का हवाला देते हुए कहा कि देश की डेटा सेंटर क्षमता 2025 की दूसरी तिमाही के 1.4 गीगावाट से बढ़कर 2030 तक आठ गीगावाट हो जाने का अनुमान है। वैश्विक अंतरमहाद्वीपीय डेटा आवागमन का 99% हिस्सा समुद्री तल में बिछाई गई ऑप्टिकल केबल के जरिए होता है।

# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों पर लागू नहीं होंगी आरओडीटीईपी की घटी दरें

- सरकार ने किया स्पष्ट, शुल्क लाभ की दरों में की गई है 50% कटौती

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्पष्ट किया है कि निर्यात सहायता योजना 'आरओडीटीईपी' के तहत दिए जाने वाले शुल्क लाभ की दरों में 50 प्रतिशत की कटौती का फैसला कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों पर लागू नहीं होगा।

यह घटनाक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सरकार ने एक दिन पहले ही निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लागू दरें और मूल्य-सीमा तत्काल प्रभाव से मौजूदा दरों के 50 प्रतिशत तक सीमित करने की घोषणा की थी। सरकार ने यह योजना वर्ष 2021 में शुरू की थी। इसका उद्देश्य निर्यातकों को विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगने वाले उन करों, शुल्कों एवं उपकरों की भरपाई करना है, जो केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर किसी अन्य व्यवस्था के तहत वापस नहीं किए जाते।

# ईएसआईसी ने 40 पार के सदस्यों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने मंगलवार को 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के अपने एक करोड़ से अधिक सदस्यों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की। पिछले वर्ष नवंबर में अधिसूचित नई श्रम संहिताओं के तहत 40 वर्ष से अधिक आयु के कामगारों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराना नियोक्ताओं के लिए अनिवार्य किया गया है।

अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर ईएसआईसी ने यह पहल शुरू की। ईएसआईसी की स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे में करीब 3.8 करोड़ सदस्य हैं जिनमें से करीब एक करोड़ सदस्यों की उम्र 40 साल से अधिक है। फिलहाल ईएसआईसी के पास 166 अस्पताल, 17 मेडिकल कॉलेज और लगभग 1,600 डिस्पेंसरी का नेटवर्क है।

# आईआरएफसी में 4% तक हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) में चार प्रतिशत तक हिस्सेदारी को बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए 104 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचेगी।

आईआरएफसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ओएफएस बुधवार को संस्थागत निवेशकों के लिए और बृहस्पतिवार को खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। सरकार इस बिक्री पेशकश के तहत आईआरएफसी के 26.13 करोड़ से अधिक शेयर यानी दो प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच रही है।

**मतभेद** — टाटा संस में बढ़ते कर्ज का मुद्दा बना असहमति की वजह, शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकती है कंपनी

# नोएल टाटा की शर्तों में फंसा चंद्रशेखरन का अगला कार्यकाल

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के निदेशक मंडल में शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद होने की वजह से मंगलवार को चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त करने का फैसला टाल दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन के मौजूदा कार्यकाल को बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। इसके पीछे टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा की तरफ से रखी गई कुछ शर्तों की अहम भूमिका रही।



सूत्रों के मुताबिक, चंद्रशेखरन का टाटा संस चेयरमैन के तौर पर मौजूदा कार्यकाल फरवरी 2027 में खत्म होने वाला है जिसे आगे बढ़ाने पर निदेशक मंडल में चर्चा हो रही थी। इसी दौरान टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने पुनर्नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रख दीं। इसके अलावा नोएल टाटा ने समूह की कुछ कंपनियों में हो रहे नुकसान और टाटा संस द्वारा संभावित कर्ज वृद्धि पर चिंता जताई। उनका मानना था कि कर्ज बढ़ने की स्थिति में कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक नोएल टाटा आने वाले समय में टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के भी पक्ष में नहीं हैं और इस संबंध में वह लिखित प्रतिबद्धता चाहते हैं।

यह बैठक समूह मुख्यालय 'बॉम्बे हाउस' में लंबी चली और पुनर्नियुक्ति के एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। अन्य निदेशक वेणु श्रीनिवासन, हरीश मनवानी, अनीता जॉर्ज और सौरभ अग्रवाल को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं थी। चंद्रशेखरन ने कहा कि बाजार सूचीबद्ध न होने का पक्का वचन देना नियामकीय परिस्थितियों को देखते हुए मुश्किल है।

### मतदान कराने के सुझाव पर सहमत नहीं हुए चंद्रशेखरन

सूत्रों के मुताबिक, कुछ निदेशकों ने पुनर्नियुक्ति प्रस्ताव को मतदान के लिए रखने का सुझाव दिया, लेकिन चंद्रशेखरन ने इसे टालने का अनुरोध किया। बैठक के बाद पत्रकारों से उन्होंने कहा, मैंने इसे स्थगित करने की सिफारिश की क्योंकि एक निदेशक का यही अनुरोध था। टाटा संस के लिए कुछ भी नहीं बदला है। इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि अगली बोर्ड बैठक कब होगी। हालांकि, सूत्रों ने कुछ समाधान निकलने पर बैठक होने के संकेत दिए। चंद्रशेखरन 1987 में टाटा समूह से जुड़े थे और वह बाद में समूह की आईटी कंपनी टीसीएस के सीईओ बने। फरवरी, 2017 में उन्हें टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

● देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान

**जेनेवा, एजेंसी**


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

● यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

● एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

● वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

● पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।

● हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।

● कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।

● साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।

● अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

● **अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।**

● **अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं**

● **पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए।**

● **कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### प. बंगाल में छह कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

● ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### फ्रांसीसी अफसरों से नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

## अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

## अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

● हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार

**श्री विजयपुरम, एजेंसी**

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12 :00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

## नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

● पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

## माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

## तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

● पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया

**टोरंटो, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**तुला** – आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**धनु** – आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।

**सिंह** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।


**कुंभ** – आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।

**मीन** – आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02 .40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- रोहिणी 13 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

## अमेरिका में तूफान के चलते दो हजार से अधिक उड़ानें रद्द

● लगभग 700 फ्लाइट को आने जाने में हुआ भारी विलंब

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में शीतकालीन तूफानों की वजह से मंगलवार को 2,000 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। फ़्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट ने कहा, आज अमेरिका के अंदर या बाहर कुल 2,026 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा 700 और उड़ानों में देरी हुई। पूर्वोत्तर के हवाई अड्डों पर खास तौर पर बुरा असर पड़ा।

जॉन एफ केनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लागार्डिया हवाई अड्डा, नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और बोस्टन लोगान हवाई अड्डों पर आधी से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी कि एक बड़े शीतकालीन तूफान से मध्य-अटलांटिक और पूर्वोत्तर में भारी हिमपात, तेज हवाएं और तटीय बाढ़ आने की आशंका है, जिससे यात्रा करना नामुमकिन हो सकता है और बिजली गुल हो सकती है। फ़्लाइट अवेयर के मुताबिक आज सुबह तक अमेरिकी हवाई अड्डा से आने-जाने वाली 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो गई थीं, जबकि सोमवार को यह संख्या 5,700 से अधिक थी।

बोस्टन लोगन से कम से कम 50 फीसदी तय उड़ानें रद्द कर दी गईं। नेवार्क लिबर्टी और लागार्डिया में 49 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि केनेडी हवाई अड्डे पर 41 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं।

**करें सामूहिक प्रयास** | नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

● ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।



ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।

### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।

